● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 166, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राजस्थान में ऊंट पालकों को मिलेंगे 20 हजार 5

सूर्य कुमार के पास इतिहास रचने का मौका 6

## फ्यूचर रेडी मप्र में सरकार का सहयोग और जनता का साथ औद्योगिक विकास का है आधार : डॉ. यादव

### हम प्रदेश के उद्योग धंधों को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाने के विजन पर कर रहे हैं काम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कोयम्बटूर तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का एक उद्योग कार्यालय खोला जाएगा। यह कार्यालय मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के बीच व्यापार और व्यवसाय बढ़ाने के लिए सेतु का काम करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोयम्बटूर में इन्वेस्ट एमपी- इंटरेक्टिव सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर समिट का एक उद्देश्य यह भी है कि व्यापार और व्यवसाय के आधार पर विभिन्न प्रदेश परस्पर नजदीक आएं और हम मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने की दिशा में संकल्पित




होकर कार्य करें। यहाँ के उद्योगपतियों ने कोयम्बटूर और त्रिपुर को अपने बलबूते पर इंडस्ट्रियल हब के रूप में स्थापित किया है, अब मध्यप्रदेश आपको बुला रहा है, हम आपको व्यापार व्यवसाय बढ़ाने के नए अवसर देने और प्रेम बांटते हुए मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु के संबंधों को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यहां आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दक्षिण भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्र कोयम्बटूर में आयोजित इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र का दीप प्रज्वलित कर तथा तुलसी के पौधे में जल अर्पित कर शुभारंभ किया। कोयम्बटूर टैक्सटाइल एवं गारमेंट, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे औद्योगिक सेक्टर के लिए जाना जाता है। प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में तमिलनाडु के उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से कोयम्बटूर में रोड शो और निवेशकों व उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किया गया। सत्र में 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की तथा मध्यप्रदेश में निवेश के लिए 3500 करोड़ रुपए से अधिक निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी टैक्सटाइल एवं गारमेंट इंडस्ट्री, ऑटोमोबाइल एवं इंजीनियरिंग उद्योग तेजी से विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। उद्योगपतियों के लिए मध्यप्रदेश में निवेश कर अपने व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का यह सबसे उपयुक्त समय है। मध्यप्रदेश में निवेश के हर पहलू का ध्यान रखा गया है। मध्यप्रदेश फ्यूचर रेडी प्रदेश है, यहाँ संभावनाओं के साथ सरकार का सहयोग एवं जनता का साथ है। आजादी के अमृतकाल को मध्यप्रदेश का भाग्योदयकाल बनाने के लिए हम प्रदेश के उद्योग धंधों को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं।

## सेना के लिए तकनीक विकसित करेगा मेपकास्ट

### सेना के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे भोपाल, प्लान किया तैयार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थापित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) में डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना होगी। मेपकास्ट में नौसेना के लिए तकनीकी विकसित की जाएगी। रक्षा नवाचारों को प्रोत्साहन और उद्योगों एवं सेना के बीच सामंजस्य बढ़ाने के लिए सेना के वरिष्ठ अधिकारी और टीम ने मेपकास्ट में विजिट किया। गुरुवार को नौसेना (नेवी) के रियर एडमिरल इकबाल सिंह ग्रेवाल एवं उनकी टीम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) पहुंची। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य मेपकास्ट के माध्यम से डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग की स्थापना है। मेपकास्ट के अधिकारियों विंग की स्थापना के लिए पूरा प्लान बताया। मेपकास्ट के वैज्ञानिकों, सलाहकारों एवं



नौसेना के अधिकारियों के बीच बैठक के दौरान संयुक्त रूप से किये जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। गौरतलब है कि मेपकास्ट द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सेना के साथ एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी खोला जा चुका है। वहीं, गुरुवार को नौसेना के अधिकारियों ने परिषद की जी आई एस लैब का भी भ्रमण किया। मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मेपकास्ट में बनने वाली डिफेन्स इनोवेशन एंड डेवलपमेंट विंग से रक्षा नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और उद्योगों एवं सेना के बीच सामंजस्य बढेगा। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान विनिमय को सुविधाजनक बनाते हुए आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलेगी। कोठारी ने कहा कि इससे रोजगार सृजन और प्रतिभा विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा।

## महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बोले-फडणवीस पर लगाए आरोप सही

### अनिल देशमुख ने कहा था- डिप्टी सीएम ने उद्धव-आदित्य को फंसा दो, फडणवीस बोले- जवाब दूंगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार (25 जुलाई) को अनिल देशमुख के आरोपों को सही ठहराया है। उद्धव सरकार में राज्य के गृह मंत्री रहे देशमुख ने 24 जुलाई को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर कई आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि फडणवीस ने उनसे उद्धव और आदित्य ठाकरे को फंसाने के लिए कहा था। इन आरोपों के जवाब में डिप्टी सीएम फडणवीस ने कहा कि मेरे पास भी कई वीडियो हैं। समय आने पर उन्हें जारी किया जाएगा। अनिल देशमुख को 2021 में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया था। तब वे कई महीनों तक जेल में रहे थे। उसी को लेकर देशमुख ने ये आरोप लगाए हैं। नाना पटोले ने कहा कि अनिल देशमुख जो कह रहे हैं, वह सच होगा। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से देश में राजनीतिक स्थिति बदल गई है और भाजपा शासन के विरोधियों को झूठे आरोपों में फंसाने का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग उनके साथ आ गए, उनके केस ईडी और सीबीआई ने वापस ले लिए। वहीं, शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अनिल की गिरफ्तारी षड्यंत्र के तहत हुई थी। उन पर उद्धव ठाकरे, शरद पवार और आदित्य ठाकरे को फंसाने का दबाव था। अनिल से कहा गया था कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उन्हें जेल जाना होगा। दो साल पहले जब हम दोनों (अनिल और संजय) जेल में थे, तब अनिल ने मुझे ये बात बताई थी।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तारीखों का एलान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तारीखों का एलान कर दिया है। अब यह परीक्षा 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा रद कर दी थी। इस बार धांधली रोकने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस की ओर से विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23,24,25 अगस्त एवं 30,31 अगस्त 2024 को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है।

## खनिजों पर टैक्स के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### कहा- मिनरल्स पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं, राज्यों को टैक्स लगाने का हक है

**नई दिल्ली।** खनिजों पर टैक्स वसूलने के मामले पर गुरुवार (25 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया है। सीजेआई ने कहा है कि बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला किया है कि खनिजों पर लगने वाली रॉयल्टी को टैक्स नहीं माना जाएगा।

सीजेआई ने कहा है कि माइंस और मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट राज्यों की टैक्स वसूलने की शक्तियों को सीमित नहीं करता है। राज्यों को खनिजों और खदानों की जमीन पर टैक्स वसूलने का पूरा अधिकार है।



खदानों और खनिजों पर केंद्र की ओर से अब तक टैक्स वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को सुनवाई होगी।

दरअसल, अलग-अलग राज्य सरकारों और खनन कंपनियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में 86 याचिकाएं पहुंची थीं। कोर्ट को को तय करना था कि मिनरल्स पर रॉयल्टी और खदानों पर टैक्स लगाने के अधिकार राज्य सरकार को होने चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में 8 दिन तक चली सुनवाई में केंद्र ने कहा था कि राज्यों को यह अधिकार नहीं होना चाहिए। अदालत ने 14 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- संविधान में खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने का अधिकार केवल संसद को ही नहीं है, बल्कि राज्यों को भी दिया गया है।

## हरियाणा के फरीदाबाद में भूकंप के लगातार झटके

**नई दिल्ली।** हरियाणा के फरीदाबाद में गुरुवार सुबह भूकंप के लगातार दो झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, पहला झटका सुबह करीब 10:54 बजे महसूस किया गया, जबकि दूसरा झटका 11:43 बजे आया। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। अब तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से 5 किलोमीटर नीचे था।

## सीबीआई केस में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी। उन्हें तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी उन्हें 31 जुलाई तक जेल में ही रहना होगा। दरअसल, 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उनकी तरफ से अभी तक बेल बॉन्ड नहीं भरा गया है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। उनके खिलाफ दूसरा मामला सीबीआई का है।

जिसमें उन्हें 26 जून को अरेस्ट किया गया था। कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले 17 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

## राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल-अशोक हॉल का नाम बदला

### गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कहलाएंगे, प्रियंका गांधी बोलीं- ये शहंशाह का कॉन्सेप्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के दो हॉल का नाम बदलने का ऐलान किया है। अब से दरबार हॉल को गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल को अशोक मंडप के नाम से जाना जाएगा। इसे लेकर राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से प्रेस रिलीज जारी की गई है।

रिलीज के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन के परिवेश में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और प्रकृति की झलक दिखाई दे, इसलिए दोनों हॉल के नाम बदले गए हैं। रिलीज में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन,



जो कि भारतीय राष्ट्रपति का कार्यालय और आवास है, वह देश का प्रतीक है और लोगों की अमूल्य धरोहर है। ऐसे में लगातार कोशिशें की जा रही हैं कि राष्ट्रपति भवन में भारतीय संस्कृति की झलक दिखें। इसे लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इस देश में दरबार का कॉन्सेप्ट नहीं है, लेकिन शहंशाह का कॉन्सेप्ट है। रिलीज के मुताबिक, दरबार हॉल में नेशनल अवॉर्ड दिए जाने जैसे अहम समारोह और उत्सव आयोजित किए जाते हैं। भारतीय शासकों और ब्रिटिशर्स की तरफ से लगाए जाने वाले दरबार और सभाओं के नाम पर इस हॉल को दरबार नाम दिया गया था, लेकिन 1950 में देश के गणतंत्र बनने के बाद इस नाम का औचित्य नहीं रह गया। इसलिए इस हॉल के लिए गणतंत्र भवन सटीक नाम है।

अशोक हॉल सबसे पहले एक बॉलरूम था, जहां ब्रिटिशर्स बॉल डांस आयोजित करते थे। अशोक शब्द का अर्थ है वह जो सभी शोकों से मुक्त हो या जिसे कोई शोक या दुख न हो।

## गुजरात में बारिश से 8 मौतें

### हिमाचल में बादल फटा, महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात, पुणे में स्कूल बंद, मुंबई में ट्रेनें लेट, फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** गुजरात में पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इससे वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सिर्फ वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हुई है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है।

इन जिलों के निचले इलाकों से 826 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना पड़ा है। कई जगहों पर स्कूलों-कॉलेजों की भी छुट्टी कर दी गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। ट्रेन सर्विसेस भी बाधित हुई हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र के भी कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एनडीआरएफ को अलर्ट पर रखा गया है। पुणे, ठाणे, रायगढ़ और पालघर में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सिर्फ पुणे में ही बारिश संबंधित घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई है। मुंबई में जलभराव के कारण लोकल ट्रेनें 20 से 25 मिनट की देरी से चल रही हैं। मुंबई आने और मुंबई से जाने वाली एयर इंडिया की कुछ फ्लाइटस भी कैंसिल हुई है।

## कारगिल में विजय दिवस कार्यक्रम में पहुंचे आर्मी चीफ

**नई दिल्ली।** आज शुक्रवार (26 जुलाई) को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ हैं। इस मौके पर कारगिल जिले के द्रास में रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पूर्व आर्मी चीफ जनरल वीपी मलिक भी शामिल हुए। बता दें कि 26 जुलाई 1999 को भारत ने पाकिस्तान के सैनिकों को हराकर कारगिल की लड़ाई जीती थी। तभी से इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल जिले के द्रास में आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। इस मौके पर वे कारगिल वॉर मेमोरियल पहुंचकर 1999 के जंग के नायकों को श्रद्धांजलि देंगे।

## जैश से जुड़े आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

### कठुआ हमले के आतंकियों को वाई-फाई और खाना मुहैया कराया था, 5 जवान शहीद हुए थे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत 5 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में आतंकियों की मदद करने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्कर को गुरुवार, 25 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

दोनों ओजीडब्ल्यू आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे। दोनों आतंकियों को खाने-पीने की चीजों के साथ ही वाई-फाई मुहैया कराते थे, ताकि आतंकी सीमा पार बैठे अपने हैंडलर से बातचीत कर सकें। इन इलाकों के लोग आतंकियों की मदद करते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लियाकत और राज के रूप में हुई है। 8 जुलाई के बाद से आतंकियों को ढूंढने के लिए पुलिस ने 100 लोगों से पूछताछ की थी। इस पूछताछ के आधार पर दोनों ओजीडब्ल्यू वर्कर्स का पता चला था।

8 जुलाई को सुरक्षाबल के जवान दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी।

## बांग्लादेशियों की घुसपैठ बढ़ रही : निशिकांत

### झारखंड में आदिवासी 10% कम हुए, घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का गुरुवार (25 जुलाई) को चौथा दिन है। दोनों सदनों में बजट पर बहस जारी है। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान खतरे में है। हम यहां हंसने की बात करते हैं, पिछड़ों की बात करते हैं, दलितों की बात करते हैं, आदिवासियों की बात करते हैं। सभी सरकारों (चाहें केंद्र की हो या राज्य सरकारें) का एक ही लक्ष्य होता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होता है। मैं संथाल परगना से आता हूं। जब संथाल परगना (झारखंड) बिहार से अलग हुआ, तब यहां आदिवासी 36% थे। आज यहां आदिवासियों की पॉपुलेशन 26% है। 10% आदिवासी कहां गायब हो गए? इसके बार में ये सदन कभी चर्चा नहीं करता, चिंता नहीं करता, बल्कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स करता है।

झारखंड की सरकार की तरफ से भी इस पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। बांग्लादेश का घुसपैठ लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं के साथ शादी कर रहे हैं। ये हिंदू-मुसलमान का मामला नहीं है। हमारे यहां जो महिला लोकसभा का चुनाव आदिवासी कोटे से लड़ती हैं, उनके पति मुसलमान हैं। जिला परिषद की अध्यक्ष के पति मुसलमान हैं। हमारे यहां 100 आदिवासी मुखिया है, उनके पति मुसलमान हैं।

पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस सांसद ने कहा- पंजाब में सिद्धू मुसेवाला जैसे



युवाओं को मारा जा रहा है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है। मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा सब इमरजेंसी ही है।

इससे पहले लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- बजट सत्र में सिर्फ बजट पर चर्चा होनी चाहिए। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनादेश दिया है, आप इसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल्कुल ठीक नहीं है।

रिजिजू के यह बोलते ही विपक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने सभी सांसदों से मर्यादा बनाए रखने की अपील की।

आप सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में कहा कि सरकार के टैक्स इंग्लैंड की तरह बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सुविधाएं सोमालिया की तरह बदतर हैं। चुनावों में बीजेपी की दुर्दशा के तीन कारण हैं - इकोनॉमी, इकोनॉमी और इकोनॉमी है।

पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर के सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा- सदन में प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री कहां है? हमें जानना है कि हमें बजट में आपने क्या दिया।

सरकार रोज इमरजेंसी की बात करती है। लेकिन पंजाब में सिद्धू मुसेवाला जैसे युवाओं को मारा जा रहा है, यह भी इमरजेंसी है। किसानों को खालिस्तानी बताया जा रहा है, यह भी इमरजेंसी है। मणिपुर हिंसा, हाथरस रेप केस, पहलवानों से हिंसा सब इमरजेंसी ही है।

लोकसभा में प्रश्नकाल खत्म हो चुका है। अब बजट पर चर्चा शुरू हो गई है। इस चर्चा में सबसे पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालंधर से सासंद चरणजीत सिंह चन्नी बोलने आए। टीएमसी सांसद साकेत गोखले केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह से मिले जवाब के बाद हंगामा करने लगे। जिस पर स्पीकर ने उन्हें संसद में अनुशासन में अनुशासन बनाए रखने की बात कही।

# युवती की नृशंस हत्या करने वाला आरोपी महज 7 दिनों में पुलिस के हत्थे चढ़ा

## चितरंगी पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश में नए कानून होने के पश्चात पुलिस अपराध पर नियंत्रण के लिए निरंतर सख्त कार्यवाही कर रही है। इसी अनुक्रम में सिंगरौली जिले की चितरंगी पुलिस ने महज 7 दिनों में अंधी हत्या का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है।

चितरंगी पुलिस को 17 जुलाई की रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बसाही निवासी गुड़िया उर्फ निशा का अधजला शव घर के अंदर पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन, थाना प्रभारी शेषमणि पटेल मय स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंचे एवं बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही एफएसएल टीम, फिंगर प्रिन्ट एवं डाग स्कॉड मौके पर बुलाया गया। पाया गया कि महिला की हत्या कर उसे जला दिया गया है। मृतिका के परिजनों, ग्रामीणजनों एवं अन्य गोपनीय सूत्रों की जानकारी से पाया गया कि मृतिका विवाहित थी और उसके




द्वारा अपने पति को छोड़कर एक 70 वर्षीय नूर मोहम्मद, निवासी बसाही के साथ विवाह कर लगभग 6 वर्ष पूर्व से रह रही थी। जिसके उसका एक 4 वर्षीय पुत्र है। जो अपने नाना-नानी के साथ रहता है। महिला को उसके पति द्वारा वर्ष 2020 में 18 लाख का पक्का मकान एवं 02 एकड़ जमीन खरीदकर दी गई थी। जिसमें मृतिका अक्सर अकेले रहती थी। सूत्रों एवं परिजनों से मिली जानकारी अनुसार महिला के संपर्क के ही कई पुरुष मित्र थे। इसी में से एक पुरुष मित्र कमलेश यादव उर्फ बोड्डा पिता बैजनाथ यादव उम्र 33 वर्ष, निवासी बसाही, थाना चितरंगी, जिला सिगरौली (म.प्र.) द्वारा महिला के ऊपर शंका वश कि वह अन्य पुरुष से बात करती है। 16 जुलाई की रात्रि में उसके घर जाकर सहयोगी रामगरीब के साथ टांगी से मारकर हत्या कर दी और शव को घर के अंदर ही जला दिया।

**आरोपी ने इस तरह दिया वारदात को अंजाम**

आरोपी कमलेश उर्फ बोड्डा यादव ने बताया कि उसका गुड़िया निशा से करीबन 14-15 साल से संबध है, किन्तु अब गुड़िया निशा उससे ढंग से बात नहीं करती थी किसी दूसरे से बात करने व घर बुलाने लगी थी, जब भी वह उससे मिलने के लिये बोलता, तो टाल मटोल कर देती थी। ये बात उसने अपने बुआ के लड़के रामगरीब यादव जो झोखो का रहने वाला है, को बताया तो उसने बोला की उसको मार दो। तब वह दोनों गुड़िया निशा के घर गये, बार्जे मे रखी टांगी उठाई और गुड़िया निशा को मुँह पकड़कर चारपाई मे पटक दिया और टांगी से गुडिया निशा के गले पर दो बार मारा जिससे गुड़िया निशा की वहीं पर मौत हो गई। फिर कमलेश उर्फ बोड्डा व रामगरीब ने गुड़िया निशा के शव के ऊपर कपड़े रखकर आग लगा दी। गुड़िया का मोबाईल व टांगी लेकर घर को बाहर से ताला लगाकर चाभी को बाहर फेककर भाग गये।

**घटना मे प्रयुक्त हथियार पुलिस ने किया जप्त**

आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त रक्त रंजित टागी व मृतिका गुडिया निशा का मोबाईल फोन, तथा घटना के समय आरोपी कमलेश उर्फ बोड्डा द्वारा पहने हुये रक्त रंजित कपडे जप्त किये गए एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। मामले का दूसरा आरोपी रामगरीब यादव पिता जगपति यादव निवासी झोखो थाना चितरंगी फरार है, जिसकी पता तलाश जारी है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10,000. की ईनाम उद्घोषणा की गई है।

**उक्त कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान**

निरीक्षक शेषमणि पटेल, निरीक्षक राकेश बैस थाना प्रभारी बहरी, उपनिरी. बी.पी. कोल ,उनि. उमेश तिवारी, सउनि. मनीष सेन, प्र.आर. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, आर. भैयालाल यादव आर. नन्दलाल यादव, आर. मुकेश पाण्डेय, आर. सुदर्शन चौहान, आर. सर्वदानन्द राय, आर. आशीष पाल, आर. बीर सिंह, म.आर. मागी सोलंकी, सायबर सेल प्रभारी उनि. अमन बारी, आर.शोभाल वर्मा, प्रआर. सुरेश रावत (थाना बहरी), आर. प्रभात तिवारी (थाना बहरी), आर. अवधेश कुशवाहा (थाना बहरी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में नराकास की अर्धवार्षिक बैठक का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना द्वारा एनसीएल सिंगरौली के तत्वाधान में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन एनटीपीसी विंध्याचल के प्रशासनिक भवन में किया गया । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों, और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर लोगों में हिंदी के प्रति रुचि पैदा करना था। आगमन पर, प्रशासनिक भवन परिसर में वृक्षारोपण भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि नराकास, सिंगरौली के अध्यक्ष एवं सीएमडी (एनसीएल) बी. साईराम, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार, मुख्यमहाप्रबंधक (चिकित्सासेवा) डॉ. बी. सी. चतुर्वेदी, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष राकेश अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप-प्रज्वलन से किया गया। मानव संसाधन विभागाध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने मुख्यअतिथि, विशिष्टअतिथि, राजभाषा नोडल अधिकारी, और



विभिन्न परियोजनाओं बैंकों डाकघरों एवं अन्य संस्थाओं से आए अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया। मुख्यअतिथि नराकास, सिंगरौली के अध्यक्ष एवं सीएमडी (एनसीएल), बी. साईराम ने अपने संबोधन में कहा कि धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी पत्रों का पत्राचार द्विभाषी होना चाहिए और नियम 11 का पालन होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी एक सहज और सरल भाषा है। हिंदी न केवल हमारे लिए संप्रेषण का माध्यम है बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय संस्कृति और एकता की सहज पहचान है। यह भारतीयता की पहचान और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भाषा है। इसलिए हमें अपनी देश की भाषा पर गर्व होना चाहिए इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी एक सरल और सहज भाषा है जो सभी लोगों को एक सूत्र में बांधती है। विंध्याचल के विभिन्न विभागों में 100 फीसदी कार्य हिंदी में किए जा रहे हैं। साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, और प्रतियोगिताएं आयोजित कर लोगों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान नराकास सिंगरौली के उप महाप्रबंधक (कार्मिक /राजभाषा) विक्टरकुजूर और वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक/ राजभाषा) एनसीएल हुकुम सिंह ने नराकास द्वारा किए जा रहे कार्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अगले चरण में बैठक की कार्यसूची पर विस्तार से चर्चा की गई।

# जिला बदर के आरोपी को नवानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में नवानगर थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह की सतत् निगरानी में कामयाबी मिली है ।

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कस्बा नवानगर का रहने वाला चन्दन कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. रामदयाल श्रीवास्तव उम्र 43 वर्ष निवासी कस्बा नवानगर थाना नवानगर जिला सिंगरौली का जिसका जिला बदर जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली द्वारा किया जा चुका है किन्तु आरोपी अपने घर वापस आ गया है, जिस पर कस्बा नवानगर आरोपी के निवास पर पहुंचकर आरोपी की तलाश की गई, जो आरोपी अपने घर के सामने सोता हुआ मिला जिससे



घर वापस आने के संबन्ध मे थाना या किसी वरिष्ट अधिकारियो को सूचना व आदेश आदि के संबन्ध मे दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया ना ही आने का कोई उचित कारण बताया। जिला मजिस्ट्रेट के प्रकरण क्र. / 0085 /जिला बदर /2023 दिनांक 05/04/2024 को आरोपी उपरोक्त को सिगरौली जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा से एक वर्ष की कालावधि के लिये बाहर चले जाने हेतु जिला बदर निष्कासन आदेश पारित किया गया है, इसके बावजूद भी आरोपी जिला मजिस्ट्रेट के आदेश की अवज्ञा कर बिना किसी प्रकार की सूचना दिये तथा बिना किसी आज्ञा से आदेश का उल्लंघन कर अपने घर आना अपराध धारा 223 बी एन एस एवं धारा 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का उल्लंघन करना पाया जाने से आरोपी को गिरफतार कर जे/आर पर भेजा गया है इस कार्यवाही मे निरीक्षक डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि गुलाब प्रसाद वर्मा, प्रआर प्रवीण सिंह, अमजद खान, ज्ञानेश्वर पटेल, राजा ठाकुर एवं वेद प्रकाश शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

# अदाणी फाउंडेशन द्वारा निर्मित मझौली और कुंडा गांवों को जोड़ने वाला पुल से कई गांवों को मिलेगा लाभ

## हजारों की आबादी को राहत देगा यह नया पुल, 35 लाख रुपये की लागत से हुआ पुल का निर्माण

**सिंगरौली।** देवसर तहसील अन्तर्गत गोंडबहेरा उज्जैनी- ईस्ट कोल ब्लॉक परियोजना अंतर्गत मझौली और कुंडा गांवों के बीच सजवाहा नाले पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक पुल का निर्माण किया गया है। इस महत्वपूर्ण पुल का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ राजेंद्र मेश्राम के द्वारा किया गया। ग्रामीणों की जरूरतों एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अदाणी फाउंडेशन द्वारा इस पुल का निर्माण 35 लाख रुपये लागत से करवाया गया है जिससे आसपास के हजारों ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों में लवलेश सिंह, जनपद सदस्य, उज्जैनी, श्यामले पनिका, सरपंच, मझौली, राजेश द्विवेदी, समाजसेवी पचौर, कमल किशोर गुप्ता, ध्रुव



सिंह, सिया राम, दिलदार शामिल थे जबकि प्रशासन की ओर से बरगवां के तहसीलदार प्रदीप सिंह एवं टीआई शिवपूजन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में उपस्थित करीब 500 ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए देवसर के विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने अदाणी फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि, इस पुल के बन जाने से हजारों लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी और इस इलाके का विकास होगा। जबकि मझौली पंचायत के सरपंच श्यामले पनिका ने अदाणी फाउंडेशन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि, दो गांवों को जोड़नेवाली इस पुल के चालू होने से अब स्थानीय ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों को काफी राहत मिलेगी। अदाणी ग्रुप के तरफ से पवन कुमार सोमानी, चीफ ऑफ माइन डेवलपमेंट, बच्चा प्रसाद, चीफ ऑफ क्लस्टर, सिंगरौली, सुधीर कटला, साइट हेड, गोंडबहेरा उज्जैनी, विकास सिंह, क्लस्टर एचआर हेड, अमितेश प्रताप सिंह एवं अन्य कई अधिकारियों एवं कर्चारियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। जबकि सीएसआर के शोभित प्रताप सिंह ने मंच का संचालन कर कार्यक्रम के सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। गोंडबहेरा उज्जैनी-ईस्ट कोल ब्लॉक परियोजना क्षेत्र के मध्य में सजवाहा नाले पर यह पुल एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा है जो मझौली और कुंडा गांवों को निर्बाध रूप से जोड़ता था। यह पुल पहले पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे दो गांवों के समुदायों का संपर्क टूट गया था। इसकीआवश्यकता को देखते हुए अदाणी फाउंडेशन द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत यथाशीघ्र इस पुल का निर्माण करवाया गया। मझौली और कुंडा गांवों के बीच बॉक्स कल्वर्ट ब्रिज का पूरा होना सीएसआर पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह परियोजना सामुदायिक विकास के प्रति अदाणी फाउंडेशन की टिकाऊ और प्रभावशाली समाधान के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। इस मौके पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय शासकीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया गया।

उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले कुल छह प्रतिभाशाली बच्चों को नि:शुल्क लैपटॉप प्रदान किये गए। उल्लेखनीय है कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा इस क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वरोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षण से सम्बन्धित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

# घर से अपहृत नाबालिका को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से पुलिस ने किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** मोरवा पुलिस ने घर से अपहृत 17 वर्षीय नाबालिका को छत्तीसगढ़ उड़ीसा के बार्डर से पीछा कर दस्तयाब कर लिया है। इस घटना में पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसे आज न्यायालय में पेश किया गया।गौरतलब है कि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर सम्पूर्ण जिले में चलाए जा रहे गुम बालक/बालिका के दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में



आज एक 17 वर्षीय बालिका को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के पास से पीछा कर आरोपी के साथ लाकर बालिका को परिजनों के सुपुर्त किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार 22 जुलाई को थाना क्षेत्र के एक गांव से एक परिजनों ने मोरवा थाने में तहरीर दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिका को गांव का ही एक युवक बहला फुसला कर ले गया है। किसी घटना से आशंकित निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने तत्काल अपराध क्रमांक 572/24 कायम कर पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में टीम गठित कर गुम नाबालिका की तलाश शुरू की गई। बालिका की तलाश में जुटी टीम को उसकी व आरोपी युवक के छत्तीसगढ़ की ओर जाने की सूचना पर टीम रवाना हुई। पुलिस टीम द्वारा बालिका को छत्तीसगढ़ सीमा से दस्तयाब किया गया। पुलिस ने बालिका के कथन अनुसार आरोपी दिनेश विश्वकमा उम्र 22 वर्ष निवासी खिरवा को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# रोजगार मेला सह कैरियर काउसलिंग का आयोजन 31 जुलाई को

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली द्वारा 31 जुलाई 2024 को रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सिंगरौली में सुबह 10 बजें से शांय 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक महिला एवं पुरूष उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। मेले में भाग लेने वली कम्पनियां अदानी इनर्जेन लिमिटेड, श्रीराम लाईफ इन्स्योरेंस, यशस्वी ग्रुप, उत्कर्ष कौशल केन्द्र एवं अन्य कम्पनियाँ द्वारा आवेदको को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर उपलंब्ध करायेगी।मेले भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम योग्यता कंक्षा 5 वीं उत्तरीर्ण से लेकर 12वीं,आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक, डिग्री, स्नातक निर्धारित किया गया है। मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियो की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित की गई है।इच्छुक अभ्यार्थी उक्त दिवस को आवश्यक दस्तावेज जैसे बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता प्राप्त प्रमाण पत्र व फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन आदि के साथ उपस्थित रहे। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार अधिकारी ,जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली (म0प्र0) से अभ्यार्थी संपर्क कर सकते है।

# कलेक्टर द्वारा राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत किया गया सिंगरौली नगरीय तहसील का भ्रमण

## लंबित राजस्व प्रकरणों का प्रतिशत निराकरण करने के दिए निर्देश

**सिंगरौली।** राजस्व अभियान के तहत निर्धारित बिंदुओं का शत प्रतिशत निराकरण करे। कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा संयुक्त तहसील कार्यालय भवन सिंगरौली नगरीय तहसील का भ्रमण कर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा सिंगरौली नगरीय तहसील पहुंचकर राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत लंबित राजस्व प्रकरणों बटनवारा नक्शा तरमीम फौती नामांतरण ई केवाईसी के लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी संबंधित तहसील के तहसीलदार नायब तहसीलदारों एवं पटवारियों सहित राजस्व निरीक्षको से लेने के पश्चात निर्देश दिए की निर्धारित लक्ष्य के अनुसार लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकारण कर कृषकों को लाभ प्रदाय करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पटवारियों से उनके हलको के संबंध में जानकारी ली और समस्याओं से अवगत होने के पश्चात कलेक्टर ने पटवारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य को नीतिबद्ध तारीक के साथ समय सीमा के भीतर पूर्ण करें साथ ही अपने कार्यों में तेज़ी लाए। उन्होंने कहा की नक्शा तरमीम एवं ई केवायसी हमारी प्राथमिकता हैं अत: आधार से सभी किसानों के मोबाइल नंबर एवं भूमियों को समग्र से लिंक करवाए । कलेक्टर ने एसडीएम सिंगरौली एवं तहसीलदारों से अपने क्षेत्र के पटवारियों से प्रति दिवस राजस्व प्रकरणो निराकारण की जानकारी लिया जाना सुनिश्चित करने तथा निर्धारित पोर्टल पर निराकृत प्रकरणो को अपलोड करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा की लक्ष्य से कम प्रकरणों का निराकरण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवही की जाएगी। बैठक के द्वारान एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा, तहसीलदार रमेश कुमार कोल , कमलेश मिश्रा , सविता यादव , अभिषेक यादव सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगम सह जनप्रतिनिधियो ने गनियारी के मुक्तिधाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

## पौधरोपण को जन आंदोलन बनाए - विधायक सिंगरौली

**सिंगरौली।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम में सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों, मीडियाकर्मी एवं आम जनो के द्वारा मुक्तिधाम गनियारी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री शाह ने कहा कि पौधारोपण को हमें जन आंदोलन बनाना है। एक छोटा सा



पौधा जब विशाल वृक्ष बन जाता है तो वह हमें फल, फूल छाया देता है। इसके साथ ही पेड़-पौधे हमारे वातावरण को स्वच्छ और ऑक्सीजन से भरपूर बनाते हैं जो मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। हम सब की जिम्मेदारी है कि हमारी आने वाली पीढ़ी को एक शुद्ध स्वच्छ वातावरण हम दे सकें इसके लिए हम सभी को अधिक से अधिक पोधे लगाने का प्रयास करना चाहिए द्यइस अवसर पर महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि पौधों को लगाना तो एक आसान काम है लेकिन उससे महत्वपूर्ण है उनकी देखभाल करना द्य इसलिए पेड़ों को लगाने के साथ उनकी देखभाल करने के लिए हमें आगे आना होगा द्य साथ ही अपने नगर के लोगों को आग्रह है कि कम से कम हमें एक पेड़ लगाना है उसकी देखभाल करना है और उसे एक विशाल वृक्ष में परिवर्तित करना है तभी हम अपने पर्यावरण के प्रति सच्ची जिम्मेदारी निभा पायेंगे । इस अवसर पर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि लगातार हो रही पेड़ो की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। कई जगह अति वर्षा और कई जगह अल्प वर्षा की स्थिति बनाने लगी है द्य पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए हम सभी को एकजुट होकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की जरूरत है। उन्होंने नगर वासियो से आग्रह किया कि एक पेड़ मॉ के नाम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। जिससे हमारा अपना शहर सिंगरौली हरा भरा रहे द्यकार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, समाजसेवी और आमजन का नगर निगम आयुक्त ने आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा कि मां हमें जन्म देती है लेकिन जीने के लिए शुद्ध हवा और निर्मल पर्यावरण हमें पेड़ो से ही मिलता है।

# इन्द्रवती नाट्य समिति के बाल रंगमंच के कलाकार अनुभूति और अभिनय को मिला बाल कलाश्री अवार्ड

**अनुभूति और अभिनय को बाल कलाश्री नेशनल अवार्ड मिलने पर संस्था संरक्षक डॉ अनूप मिश्र और इंजी आर बी सिंह ने दी बधाई**



सीधी

इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी रंगमंच हमेशा से उत्कृष्ट रंगमंच के लिए चर्चा में रहा है इसी कड़ी में अबकी बार 20 और 21 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले नेशनल चिल्ड्रेन थिएटर फेस्टिवल शादनगर हैदराबाद तेलंगाना में सीधी के बाल कलाकारों ने विनोद राई निर्देशित नाटक नमस्कार जी नमस्कार और नीरज कुंदेर व रोशनी प्रसाद मिश्र निर्देशित कर्णभारम की शानदार प्रस्तुति से सीधी का नाम रोशन किया है। फेस्टिवल के समापन में देश के चर्चित और सक्रिय सात बाल कलाकारों को बाल कलाश्री अवार्ड से नवाजा गया जिसमें मध्यप्रदेश सीधी की अनुभूति कुन्देर व अभिनय कुन्देर भी शामिल हैं। बाल कलाकारों को सम्मानित किए जाने पर इन्द्रवती नाट्य समिति के संरक्षक डॉ अनूप मिश्र व इंजी आर बी सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बधाइयां दी है।

12 वर्ष की अनुभूति पिछले 6 वर्षों से रंगमंच कर रही है, इन्होंने खंजरी, पांच दिन, बसदेवा, रानी चेनम्मा, मालविकाग्निमित्रम, चंदनुआ,तीन सयाने, सरू,भक्त आनंद, लतमरबा, बसामन मामा,चरणदास चोर,उजबक राजा तीन डकैत, कर्णभारम, नमस्कार जी नमस्कार सहित कुल 15 नाटकों में अभिनय किया है और पुष्पलता सांगड़े,नीरज कुंदेर,रोशनी प्रसाद मिश्र, नरेन्द्र बहादुर सिंह,शिवनारायण कुंदेर,पूजा केवट,रजनीश कुमार जायसवाल,प्रजीत कुमार साकेत, सैंटी कुमार और संटू कुमार सहित कई रंग गुरुओं के साथ कार्य का अनुभव है इन्होंने भारत रंग महोत्सव सहित बीस से अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सवों में भागीदारी निभाया है। वही 10 वर्षीय अभिनय कुन्देर 4 वर्ष से रंगमंची कर रहे है अभिनय ने तीन सयाने,भक्त आनंद, लतमरबा, बसामन मामा, चरणदास चोर, उजबक राजा तीन डकैत, कर्णभारम, नमस्कार जी नमस्कार सहित आठ नाटकों में अभिनय किया है और नीरज कुंदेर,रोशनी प्रसाद मिश्र, रजनीश कुमार जायसवाल,प्रजीत कुमार साकेत, सैंटी कुमार और संटू कुमार सहित कई रंग गुरुओं के साथ कार्य का अनुभव है इन्होंने भारत रंग महोत्सव सहित बारह से अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय नाट्य महोत्सवों में भागीदारी निभाया है। दोनों बाल कलाकारों ने अपनी सफलता के लिए माता पिता और रंग गुरुओं को श्रेय दिया है। विशेष आभार दादा जी बाबूलाल कुंदेर,सूर्यप्रकाश सिंह और रुचि सिंह बघेल को दिया।

## जिले में औसत वर्षा 308.6 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई को सीधी जिले में 24.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 19.0 मि.मी., चुरहट में 18.0 मि.मी., गोपद बनास में 8.6 मि.मी., सिहावल में 74.0 मि.मी., बहरी में 2.2 मि.मी., मझौली में 38.0 मि.मी. और कुसमी में 12.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 308.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 25 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 404.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 263.8, गोपद बनास में 234.2, सिहावल में 338.2, बहरी में 181.6 मझौली में 373.0 मि.मी. और कुसमी में 365.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 278.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 30.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 27 जुलाई को

## बूझो जानों फिर देखों अपना प्रदेश

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई 2024 को आयोजित होगी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला प्राकृतिक समृद्वि महापुरूषों पर्यटन महत्व की सम्भावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।




एपीसी रमसा एवं पर्यटन क्विज के नोडल डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि जिले के 184 विद्यालयों के चयनित प्रतिभागी की एक टीम प्रत्येक टीम में तीन छात्र शामिल होंगे। 27 जुलाई को यह प्रतियोगिता टाटा कालेज सीधी में आयोजित होगी। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक पंजियन एवं नास्ता, लिखित परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक होगी इसके उपरांत, भोजन तथा मूल्यांकन कार्य पश्चात सर्वोच्च अंक प्राप्त 6 विद्यालय की टीम चयनित कर मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन 2:30 से 04:30 बजे तक किया जाएगा। पुरस्कार वितरण 04:30 से 05:30 बजे तक किया जायेगा।

# सांसद मिले नागरिक उड्डयन मंत्री से, जल्द चलेगी सिंगरौली से नियमित वायुयान सेवा



सीधी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नाइडू किन्जारप्पू से मुलाकात कर सीधी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिंगरौली में सिंगरौली से नई दिल्ली व सिंगरौली से वाराणसी और भोपाल के लिए नियमित वायुसेवा प्रारंभ करने की मांग की।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा मंत्री श्री नायडू जी से मिलने के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी ने क्षेत्र की जनमानस की भावना को स्वीकार करते हुए शीघ्र ही वायुयान सेवा प्रारंभ करने की बात कही।

## अतिथि शिक्षकों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**सीधी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्रा, चुरहट जिला सीधी में प्रस्ताव आमंत्रित हैं। इस संबंध में प्राचार्य पीके तिवारी ने बताया कि अंग्रेजी विषय के लिए अतिथि शिक्षक वर्ग एक के एक पद तथा अतिथि शिक्षक विज्ञान वर्ग दो एवं अतिथि शिक्षक गणित वर्ग दो के एक-एक पद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित हैं। अंग्रेजी विषय के लिए योग्यता अंग्रेजी साहित्य के साथ स्नातकोत्तर/बीएड तथा विज्ञान व गणित विषय के लिए स्नातकोत्तर/बीएड परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति में एमएड को वरीयता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

# कुसमी तहसील परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## धरना, प्रदर्शन जुलूस आदि रहेंगे प्रतिबंधित

सीधी

उपखण्ड मजिस्ट्रेट कुसमी रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर उपखण्ड न्यायालय कुसमी, तहसील न्यायालय परिसर कुसमी को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर निषेधाज्ञा प्रसारित की है कि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, आंदोलन, घेराव, नारेबाजी, मशाल का प्रदर्शन नहीं करेगा तथा वाच संगीत (ढोल, साउण्ड बाक्स, डी.जे. आदि) का उपयोग नहीं करेगा। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन आदेश का उल्लंघन करते हुये पाया गया तो उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने बताया कि तहसील कुसमी अंतर्गत व्यक्ति/ व्यक्तिगण/ संस्था/ राजनैतिक दल द्वारा आये दिन धरना प्रदर्शन किये जाने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किये जाते हैं जिससे न्यायालय में आने वाले पक्षकारों/अभिभाषकों एवं आम नागरिकों को क्षोभ या क्षति, साम्प्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेश, लोक प्रशांति, विक्षुब्ध एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने की प्रबल संभावना रहती है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो तथा न्यायालयीन कार्य, स्वास्थ्य एवं शांति व्यवस्था का सुचारू रूप में संचालन करने के लिये, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने व कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

उक्त आदेश के अवहेलना करते हुये पाये जाने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत कार्यवाही की जावेगी। यह निषेधाज्ञा दिनांक 25 जुलाई 2024 से आगामी 02 माह तक के लिये उपखण्ड न्यायालय कुसमी, तहसील न्यायालय परिसर कुसमी के 200 मीटर की परिधि के अंतर्गत प्रभावशील रहेगा।

# सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात, कहीं रोजगार दिलाने की बात

**सीधी।** लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने आज बजट सत्र के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और मांग पत्र सौंपा।



रेल मंत्री से चर्चा उपरांत सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि रेल मंत्री श्री वैष्णव से ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा कर उच्च स्तरीय टीम भेजकर निर्माण कार्य की समीक्षा करने हेतु आग्रह किया, साथ ही जमीन के बदले रोजगार दिए जाने की कड़ी में हमारे जिन युवा साथियों को अब तक रोजगार न मिल सका, उन्हें शीघ्र रोजगार दिये जाने की मांग रखी जिसे रेल मंत्री श्री वैष्णव ने सभी विषयों को संज्ञान में लेते हुए जल्द निराकरण हेतु आश्वासन दिया है।

# राजस्व प्रकरणों का कराएं प्राथमिकता के साथ निराकरण: कलेक्टर

## पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में रहें, शिकायत न मिले, अन्यथा होगी कार्यवाही

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज तहसील ब्यौहारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान में नामांतरण, नक्शा तरमीम, बटांकन, अभिलेख दुरूस्ती जैसे अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी विशेष रूचि लेकर राजस्व अभियान में कार्य करें कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की निराकृत प्रकरणों में आवेदक के हस्ताक्षर, तिथि व निराकृत प्रकरणों की सूचना भी आवेदको को दे। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय ब्यौहारी में फाइलो को सुव्यवस्थित संधारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान राजस्व महा अभियान में किये गए नामांतरण, सीमाकंन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, ई- केवाईसी, बटंवारे, नक्शा तरमीम के लंबित हल्केवार जानकारी, आरसीएमएस पोर्टल, बी-1 का वाचन जैसे राजस्व प्रकरणों के संबंध में तहसीलदार ब्यौहारी से जानकारी प्राप्त तथा राजस्व प्रकरण लंबित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व महा अभियान में बेहतर कार्य करें जिससे कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहें। साथ ही कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने तहसील कार्यालय ब्यौहारी के सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए की राजस्व महा अभियान में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा कार्य न करने वाले राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्टर ने पटवारी को निर्देश दिए की सभी पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में उपस्थित होकर राजस्व के कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत न मिले अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना के पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी लिए जाए। उन्होंने कहा कि नक्शा तरमीम हेतु पंजी का संधारण भी किया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान में बेहतर कार्य करने के अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## शाखा प्रबंधक सहित चार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच के कलेक्टर ने दिए आदेश

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीधी के शाखा प्रबंधक सहित चार अधिकारियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता संबंधी शिकायतों के दृष्टिगत विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। उक्त चारों प्रकरणों में एसडीएम गोपद बनास की अध्यक्षता में जांच दल गठित किए गए हैं। शाखा प्रबंधक उपेंद्र सिंह की ईओडब्ल्यू में आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण, समिति प्रबंधक नागेंद्र सिंह के अधिकार विहीन बैंक गारंटी जारी करने, संविदा समिति प्रबंधक जितेंद्र सिंह के कमर्जी पदस्थगी के दौरान की गई अनियमितता तथा संविदा समिति प्रबंधक ओम प्रकाश पटेल द्वारा उपार्जन वर्ष 2023-24 में कई गई अनियमितता के संबंध में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

## नगरपालिका क्षेत्र सीधी अंतर्गत समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल की पहल पर नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्रान्तर्गत निवासरत आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर 7822299008 जारी किया गया है। किसी भी नागरिक को समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायते दर्ज करा सकते हैं। जिसके त्वरित निराकरण हेतु निकाय द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान की उपस्थित में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (खाद्य सुरक्षा प्रशासन) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रामेन्द्र कुमार सोनी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें बताया कि समस्त शासकीय हॉस्टल मेस, कैंटीन, मध्यान्ह भोजन में संलग्न स्वसहायता समूह, शासकीय उचित मूल्य की दुकानो आदि का रजिस्ट्रेशन कराना तथा सैम्पल एवं निरीक्षण कार्य को बढ़ाना है। उन्होने बताया कि खाद्य प्रतिष्ठानों को गुणवत्ता एवं मानको के आधार पर हाईजीन रेटिंग एवं ईंट राईट कंम्पस सर्टीफिकेशन देने का कार्य एवं खाद्य व्यापारकर्ताओं को फॉस्टेक ट्रेनिंग देने का कार्य, चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब के रुप में विकसित करने की जानकारी दी। धार्मिक संस्थानों को भोग सर्टीफिकेशन तैयार करना, इसके साथ ही आम नागरिको को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डी.एच.ओ स्वास्थ्य विभाग डॉ.आर.के. शुक्ला, एन.आर.एल.एम. विभाग श्री अजय सिंह, सी.डी.पी.ओ महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आनंद अग्रवाल, सहित कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## साई अस्पताल एवं वनर्जी होमोपैथी क्लीनिक का किया गया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस जामोद एवं कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. लाल के निर्देश में जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों, पैथालॉजी, अस्पतालों एवं झोलाछाप चिकित्सों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही हैं इसी तरताम्य में गत बुधवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा एवं डॉ. एस.डी. कवर तथा मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी बुढ़ार डॉ. आर. के. वर्मा एवं रूजोपचार टीम द्वारा अमलाई के श्रीवास्तव चौक में स्थित साई अस्पताल एवं वनर्जी होमोपैथी क्लीनिक की जाँच की तथा जाँच में पाया कि अस्पताल में फायर सेफ्टी अलार्म नहीं था साथ ही फायर सेफ्टी सिलेन्डर में अवसान तिथी अंकित नहीं थी अन्य व्यवस्था सही थी इस तरह वनर्जी होमोपैथी क्लीनिक में रजिस्ट्रेशन सहित अन्य व्यवस्थायें सही थी।

# लोगो को शुद्ध और स्वच्छ पानी मुहैया कराएं : कमिश्नर

**मौसमी बीमारियों की सतत रूप से करें निगरानीः कमिश्नर**

**मत्स्य पालकों को सहजता से मत्स्य बीज कराएं उपलब्धः कमिश्नर**

शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वर्षाकाल में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शुद्ध और स्वच्छ पानी मुहैया कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर जल स्त्रोतों की सतत रूप से निगरानी करें। पानी को स्वच्छ बनाने के लिए जल स्त्रोतों में क्लोरीन की दवा भी डलवाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे मौसमी बीमारियों पर सतत रूप से निगरानी रखे, लोगों से सम्पर्क स्थापित कर लोगों को स्वच्छ जल पीने, ताजी सब्जियों का उपयोग करने की भी सलाह दें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की जानकारी त्वरित रूप से प्राप्त करने के लिए अपने सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं तथा मौसमी बीमारियों की जानकारी मिलने पर संबंधति क्षेत्र मे तत्काल चिकित्सकों का दल भिजवाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और परिणाम मूलक रूप से करने के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरण सितम्बर माह तक बैंकों को प्रषित करें तथा दिसम्बर माह तक हितग्राही मूलक योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी मत्स्यपालको को सहजता से मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मत्स्यपालक किसानों को सहजता से मत्स्य बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत स्तर पर भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के सभी बाढ़ संभावित पुलों और पुलियों में निगरानी के लिए कर्मचारियों की डियूटी लगाएं तथा बाढ़ की स्थिति में पुलों और पुलियों में आवागमन को प्रतिबंधित करने के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग, श्रीमती ऊषा सिंह, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी श्री शिशिर श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परमार, अधीक्षण यंत्री जल संसाधन श्री आरपी सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एके लाल, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री एचएल धुर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### केंद्र ने युवाओं की ली सुध

जिस दौर में वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में काफी उथल-पुथल और चिंताजनक हालात बने हुए हैं, उसमें मंगलवार को पेश बजट ने एक तरह से सबका खयाल रखने का आश्वासन दिया है। बजट के कुछ अहम बिंदुओं को देखते हुए यह साफ लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं में अब शायद कुछ बदलाव आया है।वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि शिक्षा और रोजगार के लिए बजट में 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यानी सरकार पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में चुनावी मुद्दा बने, लेकिन प्रकारांतर से उपेक्षित सवालों की सुध लेती दिखती है। देश में बेरोजगारी की चुनौतियों से जूझने के लिए तीन नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए दो हजार करोड़ रुपए की राशि तय की गई है। औपचारिक क्षेत्र में पहली बार नौकरी हासिल करने वालों को सरकार उनके पहले महीने के वेतन पर अनुदान के रूप में पंद्रह हजार रुपए तक की अतिरिक्त राशि देगी।इसके अलावा, एक करोड़ युवाओं को पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में प्रशिक्षुता या इंटर्नशिप का मौका देने की बात की गई है, जिसके तहत युवाओं को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता दिया जाएगा। जाहिर है, लंबे समय के बाद ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करने की कोशिश की गई है। आमतौर पर इस पर सबकी नजर रहती है कि बजट में मध्यवर्ग के लिए क्या कोई राहत है। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने नई कर व्यवस्था की दरों में जो बदलाव किया है, उससे लोगों के साढ़े सत्रह हजार रुपए तक बच सकते हैं और अब तीन लाख रुपए की आय तक कोई आयकर नहीं देना होगा।अप्रत्यक्ष कर की दरों में बदलाव के बाद अब कैंसर की कुछ दवाएं, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के दाम में कमी आने की संभावना है। मगर आम लोग जिस महंगाई से जूझ रहे हैं, उससे कितनी राहत मिलेगी, इस मसले पर कोई स्पष्टता नहीं है। हालांकि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने के अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत किए गए नए प्रावधानों से मध्यवर्ग को लाभ मिल सकता है।

**बजट को अगर राजनीतिक नजरिए से देखें तो मोदी सरकार 3.0 के बजट में वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनाव का नरेटिव बदलने वाले मुख्य मुद्दे जैसे कि बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की समस्या आदि को एड्रेस तो किया है, लेकिन आराम के साथ और वो भी कुछ घुमा फिरा कर। बेरोजगारी की बात करें तो वित्त मंत्री एक भी ऐसी घोषणा नहीं की, जिससे यह संदेश जाए कि खुद सरकार बड़े नियोक्ता के रूप में सामने आना चाहती है। इस मामले में ज्यादातर भरोसा निजी क्षेत्र और स्वरोजगार पर जताया गया है। सरकार बड़ी 500 कंपनियों में इंटर्न शिप करने वाले युवाओं को पांच हजार रुपये का मासिक भत्ता देगी। लेकिन कितनी कंपनियां अनिवार्य रूप से इंटर्न रखेंगी और कितने इंटर्न रखेंगी, इसका कोई रोड मैप वित्त मंत्री ने नहीं दिया है।**

# राहत की दरकार से ज्यादा सरकार को टिकाए रखने वाला बजट

(अजय बोकिल)

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा सातवीं बार पेश देश के वर्ष 2024 25 के बजट में लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चा में रही मोदी गारंटी की छाया ज्यादा नहीं दिखाई दी। बेशक यह बजट देश की आर्थिकी के विकास को आगे बढ़ाने वाला दूरगामी बजट है, लेकिन आम लोगों को बजट से तत्काल बड़ी राहत की जो उम्मीदें से थीं, वह नदारद हैं। पहली नजर में यह साफ है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता अपनी गठबंधन सरकार को बचाए रखने की है। जिस तरह जद यू और टीडीपी की बैसाखियों पर यह एनडीए सरकार चल रही है, उसके चलते बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी होना स्वाभाविक ही था। हालांकि मोदी सरकार ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू द्वारा उनके राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग ठुकरा दी है, लेकिन वो समर्थन के बदले केन्द्र से ज्यादा हिस्सेदारी मांगते और लेते रहेंगे, यह तय है। हैरानी की बात यह है कि इस साल जिन चार राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं, उन्हें भी बजट में कुछ खास नहीं दिया गया है। लेकिन दीर्घकालीन विकास की दृष्टि से देखें तो यह बजट विकास की बुनियाद को मजबूत करने तथा उसी दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प से प्रेरित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां इसे दूरगामी और देश को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट बताया है वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे 'कुर्सी बचाओ बजट' की संज्ञा दी है। इस बजट से यह राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट है कि मोदी सरकार को अपनी मजबूती पर पूरा भरोसा है। साथ ही उसे इस साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीतने के लिए किसी लोकलुभावन टोटके की गरज नहीं है। अब यह मोदी सरकार का आत्मविश्वास है अथवा अति आत्मविश्वास, यह तो विस चुनाव नतीजों से पता चल जाएगा।

पूरे बजट को अगर राजनीतिक नजरिए से देखें तो मोदी सरकार 3.0 के बजट में वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनाव का नरेटिव बदलने वाले मुख्य मुद्दे जैसे कि बेरोजगारी, महंगाई व किसानों की समस्या आदि को एड्रेस तो किया है, लेकिन आराम के साथ और वो भी कुछ घुमा फिरा कर। बेरोजगारी की बात करें तो वित्त मंत्री एक भी ऐसी घोषणा नहीं की, जिससे यह संदेश जाए कि खुद सरकार बड़े नियोक्ता के रूप में सामने आना चाहती है। इस मामले में ज्यादातर भरोसा निजी क्षेत्र और स्वरोजगार पर जताया गया है। सरकार बड़ी 500 कंपनियों में इंटर्न शिप करने वाले युवाओं को पांच हजार रुपये का मासिक भत्ता देगी। लेकिन कितनी कंपनियां अनिवार्य रूप से इंटर्न रखेंगी और कितने इंटर्न रखेंगी, इसका कोई रोड मैप वित्त मंत्री ने नहीं दिया है। कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम ने इस पर यह कहकर चुटकी ली कि इंटर्नशिप भत्ते का प्रावधान कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़कर किया गया लगता है। दूसरी तरफ सरकार का जोर रोजगार कौशल विकास और अन्य रोजगार के अवसर बढ़ाने पर है। जबकि युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार बड़े पैमाने पर सीधी भर्तियों का ऐलान करेगी। लेकिन वैसा कुछ बजट में नहीं है। अलबत्ता बजट में देश के 4.1 करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार-कौशल और अन्य अवसरों के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाएं और पहले की गई हैं, जिनमें =ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन तीन किस्तों में देना, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को सीधे विनिर्दिष्ट स्केल पर प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराना जो नौकरी के पहले चार साल में दोनों के ईपीएफओ योगदान पर निर्भर है, सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये प्रत्येक महीना भुगतान का प्रावधान है। साथ ही अगले पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं का कौशल बढ़ाने की बात कही गई है। सीधे नौकरी देना और नौकरी पाने के हालात पैदा करना दोनो अलग अलग बातें हैं। इसी तरह महंगाई को लेकर भी सरकार खास चिंता में नहीं दिखी। उसने जनता को सीधे मिलने वाली किसी राहत का ऐलान नहीं किया।



जहां तक किसानों की बात है तो बजट में कृषि और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। लेकिन किसानों की एमएसपी को कानूनी आधार देने की मांग का कोई जिक्र नहीं है। यहां तक कि किसान सम्मान निधि भी नहीं बढ़ाई गई है।

मोदी सरकार का एक बड़ा समर्थक देश का मध्यम वर्ग रहा है। लेकिन बजट में आयकर छूट व स्टैंडर्ड डिडक्शन वृद्धि के रूप में ऊंट के मुंह में जीरे जैसी राहत दी गई है। क्योंकि जो टैक्स स्लैब बनाए गए हैं, वो इतने छोटे हैं कि एक वेतन वृद्धि और डीए में ही स्लैब बदल सकता है। न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। वित्त मंत्री का दावा है कि इससे 10 लाख रुपये से ज्यादा वेतन पाने वालों को सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। लेकिन पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

देश में अधोसंरचना विकास और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात है। पूर्वोदय नाम से पूर्व व पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास के लिए योजना है। समूचे बजट में सबसे ज्यादा मेहरबानी बिहार और आंध्र पर ही दिखती है। यहां तक कि भाजपा शासित यूपी, मप्र, राजस्थान, छग आदि बड़े राज्यों को भी ज्यादा कुछ नहीं मिला है। ऐसे में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्य जैसे कि पश्चिम बंगाल, पंजाब, तमिलनाडु, केरल आदि को तो उम्मीद भी रखनी नहीं चाहिए थी। विपक्षी दल इसे बजट में राजनीतिक भेदभाव के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह देश में बढ़ती रेल दुर्घटनााओं के मद्दे नजर रेल अधोसंरचना विकास के लिए ज्यादा रकम तथा सुरक्षा के बेहतर उपाय की बजट में नजर नहीं आए। किसी नई रेल का ऐलान भी नहीं हुआ। कैपिटल गेन टैक्स में राहत की बजाए उसे बढ़ाने के बजट प्रस्ताव से शेयर बाजार उठने की जगह और गिर गया।

कुलमिलाकर मोदी सरकार यह मान कर चल रही है कि दो नेताओं को साधने से पूरी सरकार पांच सालों के लिए सध जाएगी। इसमें यह अतिआत्मविश्वास भी छिपा है कि जनता उसे आजादी की शताब्दी मनने तक भाजपा ही सत्ता में बनाए रखेगी। आम जनता क्या चाहती है और क्या सोच रही है, इसकी सरकार को ज्यादा चिंता है, ऐसा नहीं लगता। लिहाजा यह बजट तात्कालिक समस्याओं के समाधान के लिए नहीं बल्कि सुनहरे और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम तथा किसी महापूजा के पहले किए जाने वाले रस्मी आचमन की तरह है। आशय यह कि स्वर्णिम भारत बनाना है तो कुछ परेशानियां तो झेलनी ही होंगी।

# बढ़ते भारत की बेहतर तस्वीर पेश कर रहा आर्थिक सर्वे

(दलीप कुमार, अर्थशास्त्री)

**सर्वे में सबकी नजर रोजगार के आंकड़ों पर थी। बेरोजगारी बढ़ने को लेकर लगातार सरकार पर हमला बोला जाता रहा है, मगर आर्थिक सर्वे की मानें, तो देश में बेरोजगारी घटी है। 2017-18 में यह दर जहां 17.8 प्रतिशत थी, वहीं साल 2022-23 में यह घटकर 10 प्रतिशत रह गई। अच्छी बात है कि शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है, भले ही यह बेहद मामूली ही क्यों न हो। दरअसल, आम लोगों की नजर में रोजगार का मतलब सरकारी या स्थायी नौकरी होता है, पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, यानी ईपीएफओ के आंकड़ों के आधार पर भी सरकार रोजगार की स्थिति नापती है।**

सोमवार को संसद-पटल पर रखा गया साल 2023-24 का आर्थिक सर्वे विकसित होते भारत की तस्वीर दिखा रहा है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि 2023-24 में भारत की वास्तविक जीडीपी में 8.2 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि 2022-23 में यह 6.5 प्रतिशत थी। यह स्थिति तब है, जब विश्व की औसत विकास दर 3.2 प्रतिशत ही है। यही नहीं, भारत की जीडीपी की वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया गया है। अर्थव्यवस्था में यह भरोसा इसलिए बना है, क्योंकि सर्वेक्षण मानता है कि देश का भू-राजनीतिक महत्व, आर्थिक झटकों को झेलने की क्षमता और ठोस व स्थिर घरेलू वृद्धि से भारत आर्थिक रूप से लगातार मजबूत बन रहा है। यही कारण है कि अब विशेष तौर पर शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने की बात आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है।

बहरहाल, सर्वे में सबकी नजर रोजगार के आंकड़ों पर थी। बेरोजगारी बढ़ने को लेकर लगातार सरकार पर हमला बोला जाता रहा है, मगर आर्थिक सर्वे की मानें, तो देश में बेरोजगारी घटी है। 2017-18 में यह दर जहां 17.8 प्रतिशत थी, वहीं साल 2022-23 में यह घटकर 10 प्रतिशत रह गई। अच्छी बात है कि शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है, भले ही यह बेहद मामूली ही क्यों न हो। दरअसल, आम लोगों की नजर में रोजगार का मतलब सरकारी या स्थायी नौकरी होता है, पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, यानी ईपीएफओ के आंकड़ों के आधार पर भी सरकार रोजगार की स्थिति नापती है और यह आंकड़ा बताता है कि 2019 में जहां 61.1 लाख कर्मचारियों के पास ईपीएफओ खाता था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 131.5 लाख हो गया। यानी, पांच वर्षों में करीब-करीब दोगुनी संख्या में नए कामगार ईपीएफओ से जुड़े हैं। सुखद है कि श्रमबल में महिलाओं की संख्या भी अच्छी-खासी बढ़ी है और उनमें 2017-18 से लेकर 2022-23 में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



महंगाई को लेकर भी आर्थिक सर्वे में कुछ अलग कहानी दिखती है। मुद्रास्फीति दर, जो 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी, वह 2023-24 में घटकर 5.4 हो गई है। इसमें मूलतः थोक महंगाई दर शामिल है। वैसे, खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है और यह पिछले साल के 6.6 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई, जिसकी ठोस वजहें भी हैं। वास्तव में, जलवायु परिवर्तन को खाद्य मुद्रास्फीति दर बढ़ने की एक बड़ी वजह माना जाता है। प्रकृति का अनुकूल न रहना, अतिवृष्टि, अनावृष्टि जैसे कई कारक हैं, जो हमारी खेती को प्रभावित कर रहे हैं। इन सबसे खाद्य मुद्रास्फीति ऊपर-नीचे होती रहती है। वैसे, विशेषकर आलू, प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ी हैं। चावल, दाल आदि खाद्यान्नों में बहुत ज्यादा उछाल नहीं है।

सामाजिक सुरक्षा की बात करें, तो कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), यानी कॉरपोरेट जगत की सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ी है। यह जिम्मेदारी उन कंपनियों पर लागू होती है, जिनकी सालाना कमाई 1,000 करोड़ या सालाना लाभ पांच करोड़ रुपये है। उनको अपने तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत समाज की बेहतरी के कार्यों पर खर्च करना होता है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक, इस राशि में 53 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह 2017-18 की 17,096 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 2021-22 में 26,278 करोड़ हो गई है, जो संकेत है कि उद्योगों के लिए देश में माहौल अनुकूल है। यह भी एक वजह है कि चीनी निवेश की अनुमति दे दी गई है। माना गया है कि द्विपक्षीय रिश्तों में आई खटास के कारण सरकार ने चीनी निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था, मगर आम जनता के हित में अब ऐसा नहीं किया जा सकता। इसका फायदा यह भी होगा कि टैक्स की चोरी नहीं होगी और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी।

आर्थिक सर्वे कृषि विकास दर की बेहतरी का संकेत दे रहा है, जिसमें औसतन चार प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, यह सर्वे भारत की तरक्की की गाथा है। उसके मुताबिक, कोरोना महामारी से सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था तेजी से उबर रही है। लिहाजा, जीडीपी के हिसाब से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अब जल्द ही शीर्ष चार में शुमार हो सकती है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5442

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | |
| 11 | | 12 | | 13 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1967 को यह देश ब्रिटेन से आजाद हुआ (3)
3. दयालु, कृपालु, ईश्वर का एक नाम (4)
6. कोई बात धीरे से कान के पास आकर कहना, फुसफुसाहट (4)
8. विभावरी, रजनी, निशा, रात्रि (2)
10. नासमझ, भोला (3)
11. आर.के.बैनर की बरसात फिल्म से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली जोड़ी में से एक (5)
14. शरारती, अति चंचल, उपद्रवी (4)
17. लालू यादव वाली पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
19. मवेशी, पशु, शम्मी कपूर राजश्री, राजेंद्र नाथ, पृथ्वीराज कपूर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (1965)(4)
20. अंक, क्रोड, गोद, बगल (3)
21. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद बल्ले का खेल, पोलो (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. राजकुमार, राजपुत्र, राजकुंवर (4)
2. लुटेरों द्वारा किया गया धावा कर माल, असबाब की लूट (2)
3. किसी जले या फटे हुए कपड़ों को धागा भरकर उसे बंद करना (2)
4. सुंदर स्त्री, रूपवती, सुंदरी (3)
5. दृगचल, पलक (5)
7. अभियोग, मुकदमा (3)
9. निश्चित किया हुआ, निर्णीत (2)
12. अल्प वयस्क होने की अवस्था (5)
13. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
15. यह मध्यप्रदेश के अंचल पश्चिमी निमाड़ का एक जिला है (4)
16. नमाज की सूचना के शब्द जो पुकारे जाते है (3)
18. धन-संपत्ति, स्वर्ण, दौलत, वृद्धावस्था, संपत्ति (2)
20. पुरानी फिल्मों के एक प्रसिद्ध हास्य अभिनेता (निधन 30 अप्रैल 1992) इनका बेटा भी प्रसिद्ध निर्देशक-अभिनेता (दिवंगत) रह चुका है (2)

**वर्ग पहेली 5441 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | ■ | म |
| दा | ■ | ता | ज्ञ | ■ | त | ला | क |
| ल | घु | ■ | ती | ल | ना | ■ | स |
| त | ■ | मा | ■ | ■ | ■ | प | द |
| ■ | स | ■ | र | ह | म | त | ■ |
| सो | पा | न | ■ | रा | ज्ञ | न | ■ |
| म | ■ | ज्ञ | ■ | र | मा | ■ | स्पे |
| ■ | न | फ | र | त | ■ | शा | न |

# बाजार आखिरकार मजबूत ही होंगे, क्योंकि बुनियादी संरचनाओं के निर्माण पर केंद्रित है बजट

(अजय बग्गा)

इस बार का केंद्रीय बजट वास्तविक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है, क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्र, कृषि विकास, रोजगार सृजन, रोजगार के लिए तैयार युवाओं के कौशल विकास और अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी संरचनाओं के निर्माण पर केंद्रित है। सबसे अच्छी बात यह है कि ये सारी बड़ी पहल राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9 फीसदी तक लाने और इस वर्ष सरकार द्वारा लिए जाने वाले उधार को कम करने के दौरान की गई हैं।

इस बजट में वायदा और विकल्प अनुबंधों पर प्रतिभूति लेनदेन कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर होने वाले अल्पकालिक लाभ पर अब 20 फीसदी कर लगेगा, जबकि पहले यह मात्र 15 फीसदी था। कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घकालिक लाभ पर अब 12.5 फीसदी कर लगेगा, जबकि पहले यह 10 फीसदी था। कुछ वित्तीय साधनों पर कर योग्य पूंजीगत लाभ पर छूट की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दी गई है।

बजट घोषणा के बाद बॉन्ड और रुपये में गिरावट आई। भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई, एनएसई निफ्टी 50 सूचकांक में 1.8 फीसदी की गिरावट आई, लेकिन नुकसान कम हुआ। स्मॉल कैप और मिडकैप सूचकांक में तेज गिरावट देखी गई, लेकिन निचले स्तरों पर खरीदारी के कारण दिन के अंत तक इनमें भी गिरावट देखी गई।

उच्च आयकर छूट के साथ-साथ सोना, चांदी, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी, साथ ही महिलाओं के लिए रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं और कार्यक्रमों से समग्र खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जबकि प्रत्यक्ष कर नीति में बदलाव से कई कमाने वालों के हाथ में कर चुकाने के बाद ज्यादा पैसे बच सकते हैं। रोजगार कार्यक्रमों पर खर्च से देश के युवाओं के हाथों में अधिक पैसा आ सकता है।

बजट घोषणाओं के बाद भारत की उपभोक्ता वस्तुओं की कंपनियों और दोपहिया वाहन निर्माताओं को लाभ हुआ। प्रमुख राज्यों में स्थित बुनियादी ढांचा कंपनियों को भी निवेश पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। सोने और चांदी पर शुल्क कटौती के कारण आभूषण कंपनियों के शेयरों में भी तेजी आई। बजट में कोई अतिरिक्त शुल्क की घोषणा नहीं किए जाने के बावजूद तंबाकू कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ गईं।

बजट में 'एंजल टैक्स' को खत्म करने से देश के स्टार्ट-अप सेक्टर को लाभ होगा। यह टैक्स स्टार्ट-अप द्वारा उचित बाजार मूल्य से अधिक मूल्यांकन पर जुटाए गए फंड पर लगाया जाता है। इससे देश में स्टार्ट-अप परिदृश्य को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा से लेकर रेलवे, प्रॉपर्टी डेवलपर्स से लेकर निर्माण कंपनियों तक के प्रमुख शेयरों में मुनाफा वसूली देखी गई, जो कि भविष्य के उज्ज्वल अनुमानों के कारण काफी ऊपर चढ़े थे। बजट में रियल एस्टेट पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को कम किया गया है, लेकिन इंडेक्सेशन लाभ को हटा दिया गया है। यह एक ऐसा प्रावधान था, जो अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के आधार पर कर देयता को कम करने की अनुमति देता था। परिणामस्वरूप रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आप कारोबार में जो भी नया करने जा रहे हैं उसमें आपको आगे जाकर भरपूर लाभ होगा। रोजमर्रा के काम में कोताही न बरतें, वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### वृषभ
आज करियर और कारोबड्डार के मामले में दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको आज सामान्य रूप से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी तब जाकर आपको लाभ होगा। सामाजिक संबंध आपके लिए लाभदायक होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### मिथुन
आज आपके लिए करियर में लाभ होने के योग बन रहे हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिये।

### कर्क
आज करियर में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं समय से पूर्ण होंगी। किसी की आलोचना करने से बचें वरना आप बुरे फंस सकते हैं। मेहनत करने से लाभ होगा और सफलता आपके कदम चूमेगी।

### सिंह
आज हर कार्य में बेहद सावधान रहने की जरूरत है। वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत करने से नई उपलब्धियां प्राप्त करेंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें।

### कन्या
आज दिन शुभ है और आपको हर काम आंख खोलकर करने की सलाह है। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा और आपको कुछ नया करने को मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

### तुला
आज करियर में लाभ का दिन है। आज आपकी कोई बड़ी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। मानसिक अशान्ति रहेगी। किसी यात्रा पर जाने की योजना बन रही है और उसमें आपको लाभ होगा। शाम के वक्त कारोबार के सुस्त रहने की वजह से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा।

### वृश्चिक
आज किसी कारण से उलझन में रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। अधिकारी लोगों से आपकी अच्छी पटेगी और इसका आपको लाभ होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें।

### धनु
आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें तो आपको लाभ होगा। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मकर
आज दिन परेशानियों से भरा होगा और किसी कारण से आपको प्रतिकूलता हो सकती है। आपस में संबंध बिगड़ सकते है और आपकी अनबन हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए शुभ प्रभाव देने वाला रहेगा। आपके लिए वाहन और भूमि खरीदने के योग बन रहे हैं। उसमें आपको लाभ होगा और अच्छा मुनाफा होगा। स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तु खरीदने में आपका खर्च हो सकता है।

### मीन
आज दिन दौड़भाग में बीतेगा और आपको ऑफिस में भी अधिक काम करना पड़ेगा। दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। वहीं किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु सेहत का ध्यान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में जाट फैक्टर की काट के लिए भाजपा का ओबीसी फॉर्मूला तैयार



**चंडीगढ़।** लंबे समय से हरियाणा में चर्चा रही है कि जाट मतदाता भाजपा के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। किसानों के आंदोलन और पहलवानों के प्रदर्शन से भी इस धारणा को मजबूती मिली है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में 10 में से 5 सीटें ही मिल पाई थीं। उस निराशा के बाद अक्टूबर में विधानसभा के इलेक्शन होने वाले हैं। ऐसे में भाजपा चाहती है कि ऐंटी-इनकम्बैंसी से उबरा जाए। ऐसे में जाट फैक्टर की काट के लिए वह सामाजिक समीकरण तैयार करने की कोशिश में है। कहा जा रहा है कि इसी के तहत पहले ओबीसी चेहरे नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया गया। फिर ब्राह्मण नेता मोहन लाल बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। अब दलित समाज से आने वाले कृष्ण बेदी को महासचिव बनाया है। पहले इस पद पर मोहन लाल बड़ौली थे, उनका प्रमोशन हुआ तो जगह खाली थी और अब कृष्ण बेदी उस जगह पर होंगे। इस तरह भाजपा ने जाट फैक्टर की काट के लिए ओबीडी फॉर्मूला तैयार किया है। इस फॉर्मूले के तहत भाजपा राज्य के 62 फीसदी मतदाताओं को टारगेट करना चाहती है। राज्य में सैनी, गुर्जर, यादव समेत ओबीसी बिरादरियों के करीब 30 फीसदी वोट हैं। यह सबसे बड़ा सामाजिक समूह है। इसके अलावा दलितों की संख्या भी करीब 20 फीसदी बताई जाती है। अब जातिवार बात करें तो राज्य में जाटों के बाद दूसरे नंबर की बिरादरी ब्राह्मण है। इनकी संख्या राज्य में करीब 12 फीसदी है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि हम पहले से इस फॉर्मूले पर कायम रहे हैं और अब तीसरी बार इसके साथ ही चुनाव में जाएंगे। बता दें कि इन तीन समुदायों के अलावा पंजाबी समुदाय का भी भाजपा को अच्छा समर्थन रहा है, जिससे खुद मनोहर लाल खट्टर आते हैं। हरियाणा के करनाल, अंबाला, कैथल जैसे इलाकों में बड़ी आबादी पंजाबी मूल के लोगों की है।

### पूजा खेडकर को तलब करेगी दिल्ली पुलिस, फिलहाल दस्तावेजों को खंगाल रही है क्राइम ब्रांच की टीम

**नईदिल्ली।** फर्जी दस्तावेजों के जरिए अफसर बनने वाली ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। पूजा खेडकर के खिलाफ फर्जीवाड़ा करने के आरोपों में यूपीएससी ने एफआईआर कराई थी। अब इस मामले में दिल्ली पुलिस पूजा खेडकर को तलब करने वाली है। उन्हें इसी सप्ताह के अंत तक नोटिस भेजा जा सकता है और पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है और फिलहाल वह पूजा खेडकर के दस्तावेजों को देखना चाहती है और उनकी जांच करने की तैयारी है। पूजा खेडकर के खिलाफ 19 जुलाई को दिल्ली पुलिस ने दिव्यांग कोटे और ओबीसी आरक्षण के बेजा इस्तेमाल के आरोप में केस दर्ज किया गया था। यही नहीं आरोप है कि लिमिट से ज्यादा मौके पाने के लिए भी दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप हैं। यूपीएससी ने भी एक बयान जारी कर बताया था कि पूजा खेडकर ने अपनी पहचान भी आईएएस बनने के लिए बदल दी। आरोप है कि पूजा ने अपने नाम में बदलाव किया। पिता और मां के नाम भी बदल डाले। इस पूरे मामले की जांच दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संभाली है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एक एसीपी को जांच की कमान सौंपी है, जो क्राइम ब्रांच का हिस्सा हैं। फिलहाल क्राइम ब्रांच का फोकस इस बात पर है कि अलग-अलग सरकारी विभागों से पूजा खेडकर के दस्तावेजों को निकाला जाए और उनकी जांच की जाए।

### कश्मीर ही नहीं अब जम्मू क्षेत्र के भी 7 जिलों में फैल गया आतंक का साया

**जम्मू।** जम्मू के दस में से 7 जिलों में हाल ही में आतंकी हमलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इन घटनाओं के बाद अब कश्मीर में भी लाइन ऑफ कंट्रोल से लगे उत्तरी कश्मीर के तीन जिलों में घुसपैठ की सूचना मिली है। इससे निपटने के लिए चलाए गए अभियान में बुधवार को कुपवाड़ा जिले में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। हालांकि इसमें एक जवान भी शहीद हो गया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि खुफिया इनपुट के बाद सेना और पुलिस ने कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में एक तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान घुसपैठियों के साथ मुठभेड़ में दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। सुरक्षाबलों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया। वहीं एक ऑफिसर नायक दिलवर खान घायल हो गया। खान ने बाद में दम तोड़ दिया। इकोनॉमिक टाइम्स ने श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर के हवाले से बताया, फ्रकुपवाड़ा के कोवुत क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23 जुलाई तक एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।फ्र उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को संदिग्ध गतिविधियां देखी गई और सैनिकों ने उन पर हमला किया। जिसके जवाब में घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन अब भी जारी है। पिछले कुछ हफ्तों में, उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला और बांदीपोरा जिलों में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाए गए हैं। जम्मू में कठुआ, सांबा, उधमपुर, डोडा, रियासी, राजौरी और पुंछ जिलों से घुसपैठ की कोशिशें और हमले हुए हैं। साथ ही भारी मात्रा में हथियारों को भी बरामद किया गया है। सेना और बीएसएफ के अधिकारियों ने कहा है कि फरवरी 2021 से भारत और पाकिस्तान के बीच नए संघर्ष विराम समझौते के बावजूद लाइन ऑफ कंट्रोल के पार से घुसपैठ की कोशिश जारी है।

# मुगल बादशाहों के साथ समय बिता सकेंगे पर्यटक, आगरा में बनेंगे डिजिटल म्यूजियम



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में ताजमहल, फतेहपुर सीकरी देखने आ रहे हैं तो जेहन में शाहजहां, मुमताज की कब्रें और अकबर का किला याद रहता है। अब इनके साथ आप कुछ समय भी बिता सकेंगे। ऐसा डिजिटल म्यूजियम से संभव हो सकेगा। यहां इन मुगल बादशाहों के अलावा ब्रज की धरोहरों के स्टेच्यू लगे होंगे। इससे मुगलकाल के साथ ब्रज की संस्कृति की यादें भी ताजा हो सकेंगी। थ्रीडी पिक्चर के जरिए स्मारकों का इतिहास भी जान सकेंगे। साथ ही कुछ ऐसा भी होगा जिससे आपको संग्रहालय में ये महसूस होगा कि आप ही बादशाह हैं।

पर्यटन विभाग सुदूर देशों से आने वाले सैलानियों को कुछ खास देने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसके तहत थ्रीडी पिक्चरें चलाई जाएंगी इनमें ताजमहल, फतेहपुर सीकरी, आगरा किला, बटेश्वर, कीठम के अलावा अन्य स्मारकों, धार्मिक स्थलों की भी चित्र के साथ जानकारियां दी जाएंगी। जिससे सैलानी को इन स्मारकों में भ्रमण करने से पहले इनके इतिहास की जानकारी हो सके। इससे पर्यटक को भ्रमण करने के दौरान काफी आसानी रहेगी।

वहीं डिजिटल म्यूजियम में बादशाह शाहजहां, बेगम मुमताज और अकबर की स्टेच्यू भी लगाए जाएंगे। इनके साथ सैलानी सेल्फी ले सकते हैं। स्टेच्यू के नीचे मुगल बादशाह के बारे में जानकारी भी अंकित रहेगी। यही नहीं ब्रज की अन्य धरोहरों की भी स्टेच्यू के साथ पर्यटक सेल्फी ले सकेंगे। ये स्टेच्यू मोम के बने होंगे। ये बिन बोले ही सबकुछ बयां करते नजर आएंगे। इनको देखकर पहचानना ही मुश्किल हो जाएगा। ऐसा लगेगा कि बादशाह स्वयं यहां पर खड़े हों। ये पर्यटकों के लिए नया आकर्षण होगा। डिजिटल म्यूजियम दो स्थानों पर बनाए जाएंगे। एक शिल्पग्राम में बनाए जाने की तैयारी है। दूसरा फतेहपुरसीकरी में इंटरपिटेशन सेंटर (गुलिस्तां रेस्टोरेंट काम्पलेक्स) में बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया को पूर्ण होने में कुछ समय लगेगा। इसे आगरा हेरिटेज फंड द्वारा पोषित किया जाएगा। दीप्ति वत्स, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी

**1997 में बना था हेरिटेज फंड :** दुनिया के नामचीन संगीतकार ग्रीक निवासी यन्नी वर्ष 1997 में आगरा आए थे। यहां उन्होंने ताजमहल के पीछे यमुना की रेती में संगीत का कार्यक्रम किया था। उनके कार्यक्रम के दौरान बैकड्राप में ताजमहल इठलाता नजर आया था। तब उन्होंने पियानो और कीबोर्ड वादन का सम्मिश्रण प्रस्तुत कर वह शाम यादगार बना दी थी। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि तत्कालीन डीएम दुर्गाशंकर मिश्र ने इस कार्यक्रम के लिए हेरिटेज फंड बना दिया था। दशहरा घाट की ओर से दर्शकों के जाने के लिए यमुना पर पहली बार पांटून पुल बनाया गया था। ये कार्यक्रम दुनियाभर में काफी चर्चित रहा था। इसी फंड से डिजिटल संग्रहालय पोषित किए जाएंगे।

**ये भी जानें :** लखनऊ विधानसभा में विजिटर पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ विधानसभा के द्वार संख्या-07 से संग्रहालय में निःशुल्क एंट्री कर सकते हैं। इस म्यूजियम में 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग, एनिमेटेड डायोरामा, इंटरेक्टिव कियोस्क, होलोग्राम, वर्चुअल रियलिटी, टॉकबैक स्टूडियों, फिल्म्स ऑन स्क्रीन, मैकेनाईज्ड इंस्टालेशन और डायनामिक इंस्टालेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। ग्वालियर महाराज बाडा पर अटल म्यूजियम और डिजिटल म्यूजियम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के साथ एआई की मदद से सेल्फी ले सकेंगे, तो वहीं वर्चुअल रियलिटी के जरिए पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण की मंत्रणा के गवाह भी बन सकेंगे। अवध और लखनऊ का इतिहास बताते कई संग्राहलय हैं, लेकिन, डिजिटल दुनिया में अवध को दशति ऑनलाइन और ऑफलाइन म्यूजियम तैयार है। इस म्यूजियम में जो कुछ ऑफलाइन होगा, उसे गूगल आर्ट एण्ड कल्चर के माध्यम से ऑनलाइन पूरी दुनिया भर में देखा जा सकेगा।

## कर्नाटक विधानसभा में भाजपा विधायकों ने गुजारी रात, सोफे और फर्श को बना लिया बिस्तर



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मैसूर अर्बन डिवेलपमेंट अथॉरिटी में जमीन घोटाले के आरोपों ने राजनीति को गरमा रखा है। इस मामले में सीधे सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पर धांधली के आरोप लग रहे हैं और कहा जा रहा है कि 4000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। इस पर भाजपा विधानसभा में चर्चा चाहती है, जिसकी मंजूरी नहीं मिली तो उसके विधायक सदन में ही बैठ गए। यही नहीं बुधवार की पूरी रात भी विधायकों ने विधानसभा में ही काटी और फर्श पर सोते नजर आए। कई विधायकों की तो लुंगी और बनियान पहने तस्वीरें सामने आई हैं। कर्नाटक भाजपा की ओर से सीएम सिद्धारमैया का इस्तीफा मांगा गया है। भाजपा का कहना है कि एमयूडीए स्कैम के मुखिया सिद्धारमैया ही हैं और उन्हें पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। वाल्मीकि डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन में बड़ा घोटाला हुआ है। कांग्रेस सरकार ने दलित समाज के साथ विश्वासघात किया है। उनके हिस्से की रकम को डकार लिया है। कर्नाटक भाजपा की ओर से एक्स पर लिखा गया है, भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और विधानसभा में नेता विपक्ष आर. अशोक के नेतृत्व में विधानसभा में प्रदर्शन हुआ। इस दौरान जेडीएस के नेता भी शामिल रहे। भाजपा ने कहा कि चाहते हैं कि एमयूडीए स्कैम के फादर सिद्धारमैया इस्तीफा दें। जब तक दलित और आदिवासी समाज को न्याय नहीं मिलता है, हम आंदोलन करते रहेंगे। यह आंदोलन गरीबों के लिए न्याय पाने के लिए है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। गौरतलब है कि इस मामले की जांच ईडी को सौंप दी गई है।

## मंडी सांसद कंगना रनौत के निर्वाचन को हाई कोर्ट में चुनौती

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत की जीत को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। जिसके बाद हाई कोर्ट ने कंगना को एक नोटिस जारी किया है। यह चुनौती बुधवार को किन्नौर निवासी एक शख्स द्वारा दायर की गई, जिसके आधार पर कंगना को नोटिस जारी किया है। ाँ याचिका में इस आधार पर कंगना के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की गई है कि लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए उनके नामांकन पत्र को कथित रूप से गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। नोटिस जारी करते हुए जस्टिस ज्योत्सना रेवाल ने रनौत को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक याचिका पर अदालत की ओर से नोटिस जारी किया गया है और प्रतिवादी भाजपा सांसद को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। याचिका में प्रदेश के किन्नौर जिले के निवासी निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी के नामांकन की अस्वीकृति को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि तय मानदंडों को पूरा करने के बावजूद चुनाव से पहले उनका नामांकन खारिज कर दिया गया। रनौत के चुनाव को रद्द करने की मांग करते हुए याचिकाकर्ता लायक राम नेगी ने कहा कि उनके नामांकन पत्र को रिटर्निंग ऑफिसर (डिप्टी कमिश्नर, मंडी) ने गलत तरीके से खारिज कर दिया था।

# राजस्थान में ऊंटपालकों को मिलेंगे 20 हजार रुपए



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की बहुमूल्य पशु सम्पदा के विकास एवं पशुधन उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पशुपालन मंत्री ने कहा कि राज्य में 250 करोड़ रूपए के प्रावधान के साथ मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। सेक्स सॉर्टेड सीमन योजना की अनुदान राशि को बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया जाएगा। प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए 125 चिकित्सकों तथा 525 पशुधन सहायकों के नए पदों का सृजन किया जाएगा। 500 ग्राम पंचायतों में नए पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोले जाएंगे। साथ ही, 100 पशु चिकित्सा उप केन्द्रों को पशु चिकित्सालय, 50 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय तथा 25 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों को पॉली क्लिनिक में क्रमोन्नत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आवारा गौवंश के लिए अब से निराश्रित शब्द का प्रयोग किया जाएगा। जोराराम कुमावत बुधवार को विधानसभा में पशुपालन एवं मत्स्य विभाग (मांग संख्या-47) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की 15 अरब 58 करोड़ 15 लाख 40 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी।उन्होंने कहा कि दुधारू पशुओं के साथ अन्य पशुओं को शामिल करते हुए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की जाएगी। पशुपालकों की सुविधा के लिए चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में पशु मेले आयोजित किए जाएंगे।

**ऊंटपालकों को 20 हजार मिलेंगे :** मंत्री जोराराम कुमावत ने विभाग में भर्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई 900 पशु चिकित्सकों की भर्ती का कानूनी तरीके से सुप्रीम कोर्ट से निस्तारण करवाया। अब हाई कोर्ट से भी कानूनी तरीके से निस्तारण करवाकर नियुक्ति दी जाएगी। इसके बाद चिकित्सकों के 619 पदों पर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पशु परिचर के 5934 पदों के लिए जनवरी, 2024 में भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। कुमावत ने कहा कि राज्य में ऊंटों को बढ़ावा देने के लिए हमारी पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई ऊष्ट्र संरक्षण योजना के तहत ऊंटपालकों को दी जाने वाली सहायता राशि 10 हजार रूपए से बढ़ाकर 20 हजार रूपए की गई है। बजट में गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू कर पहले चरण में लगभग 5 लाख गोपालक परिवारों को 1 लाख रूपए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने घोषणाएं तो खूब की, लेकिन इन्हें धरातल पर लागू कर पशुपालकों को फायदा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जोधपुर में नवीन पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय खोलने की घोषणा पूरी नहीं हो पाई।

साथ ही, घोषित आठ वेटरनरी कॉलेज भी नहीं खुल सके। गत सरकार ने केन्द्र सरकार की शत प्रतिशत सहयोग वाली आपातकालीन 102-मोबाइल वेटरनरी सेवा को रोके रखा। वर्तमान सरकार ने आते ही 3 महीने में मोबाइल वेटरनरी यूनिट की 536 गाड़ियों की शुरूआत कर दी। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत शिविरों में पशु बीमा के लिए एक करोड़ से अधिक पशुपालकों का पंजीकरण किया गया, लेकिन 1064 पशुओं का ही बीमा किया गया और एक भी पशुपालक को क्लेम नहीं दिया गया।

## दिल्ली के शख्स ने अमेरिकी महिला से की 3.3 करोड़ रु की ठगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने लिसा रोथ नाम की एक अमेरिकी महिला के साथ की गई 3.3 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के सिलसिले में दिल्ली के रहने वाले एक शख्स लक्ष्य विज (33) को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने दिलशाद गार्डन में रहने वाले विज को सोमवार रात PMLA (धन शोधन निवारण अधिनियम) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला जुलाई 2023 सीबीआई द्वारा दर्ज FIR से निकला है। गिरफ्तारी के बाद ठगी के मुख्य आरोपी विज को मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की ईडी की रिमांड पर भेज दिया गया है।

**आरोपी ने इस तरह की थी साइबर ठगी :** सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने पिछले साल 4 जुलाई को पीड़िता लिसा रोथ का लैपटॉप हैक कर लिया गया था। इस दौरान उसकी स्क्रीन पर सिर्फ एक नंबर दिख रहा था, जब रोथ ने उस नंबर पर कॉल किया तो एक व्यक्ति ने खुद को माइक्रोसॉफ्ट का एजेंट बताकर उनसे बात की और उनसे 4 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 3.3 करोड़ रुपए) क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में ट्रांसफर करने के लिए कहा। हालांकि तब रोथ को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने वाली हैं। ईडी के अनुसार, जब रोथ ने कुछ दिनों बाद अपने क्रिप्टो खाते को चेक किया तो देखा कि वह खाली था। इसके बाद उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई जिन्होंने मामले का विवरण भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किया और सीबीआई ने मामला दर्ज किया। इसके बाद ही ईडी ने पिछले साल दिसंबर में धन शोधन का मामला दर्ज किया और कहा कि विज और एक अन्य व्यक्ति इस मामले में षडयंत्रकारी हैं।

**पिछले साल सामने आया था मुख्य आरोपी का नाम :** घटना के सालभर बाद अब इस मामले में ईडी ने दिल्ली के सट्टेबाज और क्रिप्टोकरंसी हैंडलर लक्ष्य विज को गिरफ्तार किया। आरोपी बुकी का नाम तब सामने आया जब पिछले साल मार्च में गुजरात पुलिस ने उसे पूर्वी दिल्ली के क्रॉस रिवर मॉल से गिरफ्तार किया था। हालांकि आरोप है कि तब दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उसे रिहा करवा दिया था। जांच में पता चला कि अमेरिकी महिला लिसा रोथ ने जो रकम ट्रांसफर की थी, वह प्रफुल्ल गुप्ता और उसकी मां सारिका गुप्ता के वॉलेट में गई थी। जांच के दौरान यह भी पता चला कि करण चुग नाम का शख्स गुप्ता से इस रकम को प्राप्त कर रहा था और इसे अलग-अलग वॉलेट में जमा कर रहा था।

इसके बाद क्रिप्टोकरंसी को बेचकर इस राशि को अलग-अलग भारतीय बैंक खातों में जमा किया गया।

## महाराष्ट्र में फिर शुरु होगा हिंदू जन आक्रोश मोर्चा, विस चुनाव से पहले विपक्ष को घेरने के फुल प्लानिंग

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पार्टियां कमर कसने लगी हैं। अगले तीन महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हिंदू जन आक्रोश मोर्चा को एक बार फिर से शुरू किया जाएगा। यह मोर्चा हिंदू सकल समाज द्वारा आयोजित किया जाएगा और इसकी शुरुआत अगस्त के पहले हफ्ते से की जाएगी। इस मोर्चे का उद्देश्य हिंदुत्व समर्थक संगठनों और जनता को विधानसभा चुनावों के लिए सक्रिय करना है। भाजपा नेता और विधायक नितेश राणे ने इस पहल की पुष्टि की है और कहा है कि हिंदुत्व में विश्वास रखने वाले और उनके सहयोगी इस मोर्चा में भाग लेंगे। नितेश राणे ने कहा, ÷हमारी सरकार हिंदुत्व के प्रति प्रतिबद्ध है और हम अपने एजेंडा के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में कुछ और सीटें जीतने के बाद विपक्ष ने सोचा कि वे यहां प्रो-मुस्लिम राजनीति कर सकते हैं। उनके प्रो-इस्लामिक राजनीति को नष्ट करने और हिंदुओं के हितों की रक्षा के लिए हम फिर से सड़कों पर उतरेंगे। हिंदू जन आक्रोश मोर्चा को फिर से शुरू करने का निर्णय भाजपा और विभिन्न संगठनों के बीच विचार-विमर्श के बाद लिया गया। भगवा संगठनों का मानना है कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों में हिंदुत्व के एजेंडे को सक्रिय रूप से नहीं अपनाया, जिससे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब यह निर्णय लिया गया है कि हिंदुत्व के एजेंडे को राज्य की राजनीतिक बहस के केंद्र में लाया जाए। लोकसभा चुनावों में जाति-समुदाय की समीकरणों के कारण हार के बाद, भगवा संगठनों का मानना है कि आक्रामक हिंदुत्व का एजेंडा इस पर काबू पाने का तरीका हो सकता है। सकल हिंदू समाज, जो विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जनजागृति समिति और सनातन संस्था जैसे हिंदुत्व संगठनों का एक अंब्रेला संगठन है, जिन्होंने 2023 में लोकसभा चुनावों से एक साल पहले हिंदू जन आक्रोश मोर्चा आयोजित किया था। इन रैलियों का आयोजन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख शहरों में किया गया था। हजारों लोग इन रैलियों में भाग लेते थे और 'लव जिहाद' और 'भूमि जिहाद' जैसे आरोपों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते थे। हालांकि, बाद में मराठा और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा राजनीति में प्रमुख बन गया और भाजपा की महायुति केवल 17 सीटें जीत सकी जबकि एमवीए ने 31 सीटें जीतीं। अब, दायें पंथ के संगठन हिंदुत्व के एजेंडे को फिर से राज्य की राजनीति के केंद्र में लाना चाहते हैं।

# पुणे में भारी बारिश के कारण लोगों ने छोड़ी सोसाइटी, स्कूल बंद करने पड़े



**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र का पुणे बारिश के कहर का सामना कर रहा है। खबर है कि शहर में दो दिनों से भारी बारिश का दौर जारी है। इस दौरान जनता को जलजमाव, भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि प्रशासन ने जनता को बहुत जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है। कलेक्टर ने पुणे सिटी, पिंपरी चिंचवाड़ और जिले के पश्चिम हिस्सों में गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है।

जिला प्रशासन ने बताया है कि बीते 24 घंटों में लोनावला में 299 मिमी, लवासा में 417 मिमी, जुन्नार में 214 मिमी बारिश हुई है। शिवाजीनगर में 101 मिमी, चिंचवाड़ सिटी में 156 मिमी बारिश हुई है। इधर, भारी बारिश के कारण डैम का जलस्तर बढ़ने की वजह से सिंचाई विभाग को खड़कवासला डैम से 35 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा है।

इसके चलते सिंहगढ़ रोड पर हाउसिंग सोसाइटीज जलमग्न हो गई हैं। क्र्ष्ट ने बताया है कि एकता नगरी इलाके में कम से कम 4 हाउजिंग सोसाइटीज में पानी भरा हुआ है, जिसके चलते लोगों को सोसाइटी छोड़कर जाना पड़ा है। फिलहाल, राहत कार्य जारी है। भवानी पेठ पर पेड़ गिरने के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है और वडगांव बुदरुक में बाउंड्री वॉल गिरने की खबरें हैं।

**स्कूल बंद :** पुणे जिला कलेक्टर सुहास दिवसे ने पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, मावल, मुल्शी, भोर वेल्हा, खेड़, अंबेगांव, जुन्नार हवेली के सभी प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। उन्होंने कहा, हमने निचले इलाकों में फायर ब्रिगेड और कार्यबल को तैनात किया है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि अगर कोई जरूरी काम न हो तो घर से बाहर न निकलें। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुणे में बारिश को लेकर कहा, बाढ़ के कारण अलग-अलग स्थानों पर फंसे लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराई जा रही है। अगर जरूरत पड़ी तो हम लोगों को एयरलिफ्ट भी करेंगे। एनडीआरएफ को सेवा में लगाया गया है। जबकि, सेना स्टैंड बाय मोड पर है। पुणे के अलावा रायगढ़ जिले के वारिल तहसील में भी छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। पीटीआई भाषा के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में हुई भारी बारिश के बाद, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली एक और झील तानसा बुधवार को पूरी तरह से भर गई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएमसी द्वारा प्रबंधित जलाशय महानगर के लिए पीने के पानी के सात स्रोतों में से एक है एक अधिकारी ने बताया कि बीएमसी के हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग विभाग के अनुसार, 1450.8 करोड़ लीटर की कुल क्षमता वाली झील शाम 4ः16 बजे पूरी तरह से भर गई।

## संक्षिप्त समाचार

### • दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलिम्पिक से हटे



**पेरिस, एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गले में संक्रमण (टॉन्सिल) के कारण बुधवार को पेरिस ओलिम्पिक से हट गए। इटली के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वह ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने थे। ओलिम्पिक टेनिस का ड्रॉ गुरुवार को होगा जबकि मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। सिनर ने इतालवी में लिखा कि ओलिम्पिक से चूकना बड़ी निराशा है क्योंकि इस सत्र में यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक था। उन्होंने लिखा कि मैं इस बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था।

### • फिर एक दूजे के हो जाएंगे हार्दिक और नताशा स्टेनकोविक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या और



उनकी वाइफ नताशा स्टेनकोविक ने हाल ही में एक दूसरे से अलग होने का एलान किया था. दोनों ने सोशल मीडिया के ज़रिए इस बात की जानकारी दी थी कि 4 साल साथ रहने के बाद दोनों एक दूसरे से अलग हो रहे हैं. लेकिन, अब हार्दिक पांड्या ने एक ऐसा काम कर दिया जिससे जानकर आपके मन में भी ख्याल आने लगेगा कि क्या फिर से दोनों एक दूसरे के हो जाएंगे. तो आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है.

बता दें कि हार्दिक पांड्या से अलग होने का एलान करने से पहले नताशा को बेटे अगस्त्य के साथ सर्बिया जाते हुए देखा गया था. अब नताशा ने इंस्टाग्राम के ज़रिए एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वह बेटे अगस्त्य के साथ किसी वाइल्ड लाइफ म्यूजियम में दिख रही हैं.

नताशा की इस पोस्ट पर अलग हो चुके हार्दिक पांड्या ने एक नहीं बल्कि दो कमेंट किए. एक कमेंट में तो हार्दिक ने हार्ट इमोजी बनाई. नताशा की पोस्ट पर मौजूद हार्दिक के दोनों कमेंट को 1-1 लाख से ज़्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. नताशा की पोस्ट पर हार्दिक का कमेंट देखकर चारों तरफ चर्चाएं तेज़ हो गई हैं. इस पोस्ट पर किया कमेंट...

#### 6 दिन पहले ही दोनों ने अलग होने की दी थी जानकारी

बता दें कि हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक ने 6 दिन पहले ही एक दूसरे से अलग होने का एलान किया था. दोनों ने अपने सोशल मीडिया के ज़रिए बताया कि 4 साल साथ रहने के बाद हम दोनों ने आपस में फैसला किया अलग होने का. आगे लिखा गया था कि हमने अपनी पूरी कोशिश की, लेकिन अलग होना हमारे लिए सही है. हमारे लिए यह फैसला मुश्किल था. आगे बेटे अगस्त्य के बारे में कहा गया था कि वह दोनों की ज़िंदगी का हिस्सा रहेगा और दोनों लोग मिलकर उसकी देखभाल करेंगे.

फुटबॉलः

# रियल मेड्रिड ने कमाई में तोड़ा 161 साल का रिकॉर्ड, 553 अरब रुपए है टीम की वैल्यू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्लब फुटबॉल का इतिहास बहुत ही पुराना है. इसकी शुरुआत इंग्लैंड में हुई थी. ऐसा माना जाता है 1863 में पहली बार क्लब गेम खेला गया था, यानि इसे शुरू हुए 161 साल हो चुके हैं. समय के साथ ये खेल और भी प्रचलित हुआ धीरे-धीरे कमाई का एक बड़ा जरिया बन गया. क्लब फुटबॉल में इंग्लैंड का प्रीमियर लीग और स्पेन में होने वाला ला लीगा सबसे मशहूर है फुटबॉल लीग. इसमें हिस्सा लेने वाले क्लब अरबों रुपयों की कमाई करते हैं. इसके बावजदू कोई भी क्लब वो कारनामा नहीं कर पाया, जो रियल मेड्रिड ने कर दिखाया. उसने कमाई करने के मामले फुटबॉल इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

## एक साल में 98 अरब की कमाई

रियल मेड्रिड दुनिया का सबसे बड़ा क्लब है. सफलता के मामले में ये किसी को भी अपने आसपास नहीं आने देता. अब इस क्लब ने रियल मेड्रिड ने हाल ही में अपना 2023-24 का फाइनेंशियल स्टेटमेंट जारी किया है. इसके अनुसार, क्लब ने 1.073 बिलियन यूरो (करीब 98 अरब रुपए) की रेवेन्यू यानि कमाई की है. क्लब फुटबॉल के इतिहास में इस आंकड़े को पार




करने वाली यह पहला क्लब है.

इस कमाई में सेल्स, प्राइज मनी, स्पॉनसरशिप, टर्नओवर के साथ सीजन में क्लब को मिलने वाले दूसरे तरह के इनकम भी शामिल हैं. बता दें कि रियल मेड्रिड की कमाई में पिछले साल के मुकाबले 27 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. इसमें कई बड़े फैक्टर्स शामिल हैं, लेकिन श्वम्न चैंपियंस में मिली जीत और फ्रांस के मशहूर फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है.

## 553 अरब है वैल्यू

रियल मेड्रिड का स्थापना 1902 में हुई थी और 1909 में इस क्लब ने रॉयल स्पैनिश फुटबॉल फेडरेशन को जॉइन कर लिया था. फोर्ब्स ने मई 2024 में 122 साल पुराने इस क्लब वैल्यूएशन 6.1 बिलियन यूरो (करीब 553 अरब रुपए) लगाया था.

रियल मेड्रिड दुनिया की 11वीं सबसे ज्यादा वैल्यू वाली स्पोर्ट्स टीम है. वहीं दुनिया में सबसे ज्यादा वैल्यू वाले फुटबॉल क्लब के मामले यह नंबर वन है. ये टीम यूएफा चैंपियंस लीग, ला लीगा, कोपा डेल रे, सुपरकोपा डे एस्पाना जैसे टूर्नामेंट में हिस्सा लेती है. रियल मेड्रिड की टीम 18 बार चैंपियंस लीग का फाइनल खेल चुकी है. इसमें उसने 15 टाइटल अपने नाम किए. वहीं ला लीगा के खिताब को उसने 36 बार जीता है. दोनों खिताब को सबसे ज्यादा बार जीतने का रिकॉर्ड इसी टीम के नाम है.

## ब्रायन लारा सरेआम माफी मांगे...वेस्टइंडीज के खिलाड़ी कर रहे है डिमांड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा अपनी किताब 'लारा, द इंग्लैंड क्रॉनिकल्स' को लेकर चर्चा में है। इस किताब में उन्होंने पूर्व कप्तान विवियन रिचर्ड्स और कार्ल हूपर को लेकर जो बयान दिए वह इन खिलाड़ियों को पसंद नहीं आए। उन्होंने इसके लिए ब्रायन लारा से माफी की मांग की है।

लारा ने अपनी किताब में विवयन और कार्ल हूपर को काफी बातें लिखी थी। उन्होंने लिखा, विवियन मुझे हर तीन हफ्ते में रुलाते थे, लेकिन वह कार्ल को हफ्ते में एक बार रुलाते थे। विव की आवाज का लहजा डराने वाला था। अगर आप मानसिक तौर मजबूत नहीं हैं, तो आप इसे व्यक्तिगत रूप से ले सकते हैं। ऐसे में इसका आप पर असर हो सकता है।

मैं अपने बारे कहूं तो मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। एक तरह से मैंने इसका स्वागत किया। कार्ल? मैं जानता हूं कि कार्ल विव रिचर्ड्स से दूर रहता था। विवियन और हूपर ने इन बयानों को बेबुनियाद बताया है। दोनों ने संयुक्त बयान जारी किया और कहा, 'यह दावा कि सर विवियन हूपर के प्रति आक्रामक थे और सप्ताह में एक बार रुलाते थे, बिल्कुल झूठ है। इस तरह के बयान सर विवियन को एक अपराधी के रूप में दर्शाते हैं।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका रिकार्डस

# भारत या श्रीलंका...टी-20 में कौन है सिकंदर? सूर्यकुमार यादव के पास इतिहास रचने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है. सीरीज के सभी मैच पल्लेकेल में होंगे. दोनों ही टीमों की कमान इस बार नए हाथों में है. भारत की कमान सूर्यकुमार यादव संभाल रहे हैं, जबकि श्रीलंका की टी20 टीम की कमान चरिथ असलंका संभाल रहे हैं. वहीं, इस सीरीज से भारत के लिए गौतम गंभीर के कोचिंग युग का आगाज होने जा रहा है.

ऐसे में इस टी20 सीरीज में कौन से नए रिकॉर्ड बन सकते हैं... पहले दोनों देशों के बीच जब भी इस फॉर्मेट में मैच हुए हैं तो कौन भारी रहा है... दोनों ही देशों के बीच कौन रनवीर और कौन विकेटवीर रहा है. आइए आपको इस बारे में बताते हैं.

**टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बना सकते हैं सूर्या**

दोनों ही देशों के बीच सबसे जब भी टी20 मुकाबले हुए हैं तो उसमें सबसे ज्यादा रन



बनाने का रिकॉर्ड दासुन शनाका के नाम है, जो इस बार भी टी20 टीम में शामिल हैं. शनाका ने भारत के खिलाफ 22 टी20 मैचों 430 रन बनाए हैं. वहीं, भारत की ओर से श्रीलंका के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम हैं. रोहित ने 19 टी20 मुकाबलों में 411 रन बनाए हैं, हालांकि रोहित अब इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं.

ऐसे में टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के पास रोहित के इस रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है. सूर्या श्रीलंका के अ 5 टी20 मुकाबलों में 254 रन 63.50 के एवरेज और 158.75 के स्ट्राइक रेट से बना चुके हैं. सूर्या के नाम श्रीलंका के खिलाफ 112 नॉट आउट शतक भी है.

सूर्या का जिस तरह का टी20 फॉर्म श्रीलंका के खिलाफ है, वह रोहित का तो रिकॉर्ड तोड़ ही सकते हैं. वहीं शनाका अगर फ्लॉप गड़बड़ रहा तो सूर्या दोनों ही देशों के बीच सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन सकते हैं.

**टी20 में सबसे ज्यादा विकेट चहल के नाम**

दोनों ही देशों के बीच टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम है. चहल ने कुल 13 टी20 मुकाबलों में 23 विकेट लिए हैं. इसके बाद दुष्मांथा चमीरा (16 विकेट), आर अश्विन (14) हैं. फिर दासुन शनाका (14), वानिंदु हसरंगा (13), कुलदीप यादव (12), हार्दिक पंड्या (11) हैं. इनमें से चमीरा और शनाका चहल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. वहीं, इस सीरीज के लिए शामिल सुंदर श्रीलंका के खिलाफ 6 टी20 मैचों में 8 विकेट हैं. दुष्मंता चमीरा श्वसन संबंधित समस्याओं से उबरने में विफल होने के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज से बाहर हो गए हैं.

**भारत का श्रीलंका के खिलाफ टी20 में सर्वाधिक और न्यूनतम स्कोर**

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 में सर्वाधिक स्कोर 22 दिसंबर 2017 को इंदौर में 260/5 बनाया था. वहीं, भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 29 जुलाई 2021 को 81/8 का स्कोर बनाया था. यह उसका टी20 में श्रीलंका के खिलाफ सबसे कम स्कोर है.

श्रीलंका ने भारत के खिलाफ टी20 में सर्वाधिक स्कोर 215/5 बनाया था, 9 दिसंबर 2009 को यह मैच नागपुर में हुआ था. वहीं, श्रीलंका का टी20 में सबसे कम स्कोर 82 है, जो उसने 14 फरवरी 2016 को विशाखापत्तनम में बनाया था.

पेरिस ओलंपिक्सः

# तैयारी में ज्यादा प्रयोग... भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कोच गोपीचंद से मिली खास नसीहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने बुधवार को देश के खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारी में ज्यादा प्रयोग नहीं करने की सलाह दी और कहा कि दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू में इस खेल महासमर में फिर से चमकने की काबिलियत है।बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत के सात खिलाड़ी पांच में से चार स्पर्धाओं में प्रतिनिधित्व करेंगे।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू (महिला एकल) की अगुआई वाली इस टीम में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) तथा अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रास्टो (महिला युगल) शामिल हैं। भारत ने बैडमिंटन में अब तक तीन पदक जीते हैं। इनमें एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीता था। वहीं, साइना नेहवाल ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य अपने नाम किया था। गोपीचंद ने शुक्रवार के उद्घाटन समारोह से पहले कहा, मुझे लगता है कि सभी खिलाड़ियों के लिए सामान्य संदेश यही होगा कि इसे एक अन्य मुकाबले की तरह ही लें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप तैयारी के लिए कोई प्रयोग नहीं करें। इसे सरल रखें और इसे एक अन्य खेल की तरह ही लें, तैयारी सही करें और मैच अपने आप ठीक रहेंगे। पीवी सिंधू के बारे में बात करते हुए गोपीचंद ने कहा, मुझे भरोसा है कि उनके पास शानदार मौका है। उसे शी बिंग जाओ और चेन यू फेई की चीनी जोड़ी के खिलाफ ड्रॉ मिला है और उसने पहले इन दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है।

मुझे उम्मीद है कि वह इस ओलपिक में फिर से अच्छा प्रदर्शन करेंगी। सिंधू 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान अपने बाएं टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा पाई हैं। गोपीचंद ने पदकों के बारे में अटकलें लगाने से इनकार कर दिया और कहा, मुझे नहीं लगता कि हम पदकों के बारे में बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि तैयारी को सरल रखना और छोटी-छोटी चीजों को तैयार रखना महत्वपूर्ण है।

महिला एशिया कप

# भारत और पाकिस्तान के बीच हो सकती है खिताबी जंग



**दांबुला, एजेंसी।** महिला एशिया कप 2024 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। श्रीलंका में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब खिताबी जंग से मात्र एक कदम दूर है।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले से पहले फैंस के बीच भारत और पाकिस्तान की एक बार फिर टक्कर को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। दोनों देशों के क्रिकेट फैंस भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक खिताबी मैच का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दरअसल, महिला एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। टूर्नामेंट के इस संस्करण का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह मैच शुक्रवार को दांबुला में दोपहर दो बजे से शुरू होगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल उसी दिन पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच शाम 7 बजे खेला जाएगा।

ऐसे में अगर सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया तो भारत और पाकिस्तान के बीच महिला एशिया कप का फाइनल हो सकता है। हालांकि, पाकिस्तान के लिए श्रीलंका को हराना इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि मेजबान टीम पाक के मुकाबले मजबूत नजर आ रही है।

वहीं, भारत ने इसी साल मई महीने में बांग्लादेश का दौरा किया था। जहां भारत ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से पटखनी दी थी।

## अर्जेंटीना और मोरक्को के मैच में बवाल

# जान बचाकर भागी मेसी की टीम, मारपीट पर उतारू हुए फैंस

**पेरिस, एजेंसी।** फुटबॉल मैचों के साथ पेरिस ओलिंपिक 2024 का आगाज हो चुका है, लेकिन इसके साथ ह विवाद भी शुरू हो गया। अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मुकाबले में वीएआर को लर खूब बवाल मचा। भारी हंगामे के बीच मैच को खाली स्टेडियम में पूरा कराया गया।

अर्जेंटीना के खिलाफ इस मुकाबले में मोरक्को की टीम एक समय तक 2-0 से बढ़त बनाकर मजबूत स्थिति में थी। सेंट एटीने के ज्योफी गुइचर्ड स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अर्जेंटीना की टीम ने जैसे ही 2-2 की बराबरी की मोरक्को के फैंस और बेकाबू हो गए और मामला बिगड़ गया।



## दर्शकों ने बरसाई खिलाड़ियों पर बोतल

मोरक्को के खिलाफ जैसे ही मैच में अर्जेंटीना ने बराबरी की तो बवाल शुरू हो गया। मोरक्को के फैंस पानी की बोतलें खिलाड़ियों पर बरसाने लगे, जिसके कारण खेल को बीच में ही रोकना पड़ गया।

## मोरक्को के हक में गया मैच का फैसला

हालांकि, मैच का रिजल्ट अंत में मोरक्को के पक्ष में गया। दरअसल इंजरी टाइम में अर्जेंटीना के लिए क्रिस्टियन मेदिना ने जो बराबरी का गोल दागा था उसे ऑफसाइड करार देकर रद्द कर दिया गया। इस तरह मोरक्को ने मैच को 2-1 से अपने नाम किया। इस फैसले के बाद अर्जेंटीना के फैंस और खिलाड़ी भड़के हुए हैं।

## स्टेडियम को कराया गया खाली

मैच में बढ़ते बवाल के बाद सुरक्षाकर्मियों ने पूरे स्टेडियम को खाली करा दिया। दर्शकों के स्टेडियम से बाहर जाने के बाद दोबारा मैच को शुरू किया गया।

# अग्रदूत पोर्टल लांच

## नागरिकों तक आसानी से पहुंच सकेंगी योजनाओं संबंधी जानकारी

**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ नागरिकों तक पहुंच बनाने एवं लाभार्थियों को योजनाओं संबंधी जानकारी भेजने के लिए संचार क्रांति का बेहतर उपयोग कर रही है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए अग्रदूत पोर्टल को लाँच किया। सूचना ही शक्ति है, के मंत्र को सार्थक करने वाला अग्रदूत पोर्टल अपने आप में अद्भुत पहल है। किसी भी राज्य के जनसंपर्क विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं त्वरित सूचनाओं के लिए इस तरह की अभिनव पहल पहली बार की गई है।

मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया अग्रदूत पोर्टल सूचना ही शक्ति है, की पहल पर काम करेगा। यह लक्षित समूह तक सिंगल क्लिक में सूचनाएं प्रसारित करने के लिए जनसंपर्क विभाग की अभिनव पहल है। अग्रदूत पोर्टल द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के टारगेट ऑडियंस तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकेंगी। पोर्टल के माध्यम से त्रिस्तरीय रिव्यू के बाद संदेश लोकप्रिय मोबाइल मैसेजिंग एप व्हाट्सअप पर शेयर किया जाएगा एवं इसके माध्यम से एक साथ मल्टीमीडिया मैसेज (ग्राफिक्स, टैक्स्ट, लिंक, वीडियो) भी शेयर किए जा सकेंगे। इसके माध्यम से नागरिकों तक आसानी से सूचनाएं पहुंचाई जा सकेंगी।

अग्रदूत पोर्टल सूचना क्रांति के क्षेत्र में अभिनव पहल है। इससे कम समय में लक्षित नागरिकों तक पहुँच बनाई जा सकेगी। सूचना प्रसार, व्यापक संचार, समग्र डेटाबेस का उपयोग, व्हाट्स एप के माध्यम से सूचना का प्रसार, सिंगल क्लिक आधारित, यूजर फ्रेंडली, त्रिस्तरीय अनुमोदन प्रक्रिया कम समय में संपन्न होगी।

### श्रेणी अनुसार कर सकेंगे जानकारियाँ अलग-अलग

अग्रदूत पोर्टल से नागरिकों द्वारा चाही गई जानकारियाँ फिल्टर की जा सकती हैं। उन्हें श्रेणी अनुसार विभाजित कर मैसेज या सूचनाएं भेजी जा सकेंगी, जैसे उम्र, लिंग, जाति, धर्म, व्यवसाय, विकलांगता, जिला, स्थानीय निकाय, क्षेत्र के अनुरूप चयनित कर जानकारी भेज सकेंगे।

# गुनौर में जन्म-मृत्यु पंजीकरण की नवीन प्रक्रिया के संबंध में हुआ प्रशिक्षण



**पन्ना।** जनपद पंचायत गुनौर के सभाकक्ष में बुधवार को जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 एवं पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन की नवीन प्रणाली के बारे में अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव को ऑनलाइन पंजीयन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा शंकाओं व प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश से उपस्थित हुए उमेश चंद्र कुशवाहा सांख्यिकी अन्वेषक द्वारा पीपीटी के माध्यम से जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधित अधिनियम 2023 की धाराओं के विषय में बताया गया। इसके अलावा सीआरएस पोर्टल के माध्यम से जन्म मृत्यु की घटनाओं के पंजीयन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी ग्राम सचिवों को निर्देशित किया गया कि जन्म मृत्यु के पंजीयन संबंधी समस्त कार्यवाही समयावधि में संपादित करें। जनपद पंचायत सीईओ अशोक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण में खंड पंचायत अधिकारी एस.एन. गर्ग, शाखा प्रभारी तुलसी दास एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर महेश खंगार का सराहनीय सहयोग रहा।

# किशोर न्याय बोर्ड परिसर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश व प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में आज किशोर न्याय बोर्ड परिसर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश श्री बंशकार ने बच्चों के अधिकारों की जानकारी प्रदान कर भविष्य में दोबारा अपराध नहीं करने की हिदायत दी तथा शिक्षा का अधिकार और अपराध से होने वाले मानसिक, आर्थिक व सामाजिक दुष्परिणामों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर बालकों को आपराधिक मनोवृत्ति का त्याग करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड प्रीतम शाह ने शिविर में उपस्थित बालकों और अभिभावकों को किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों व बोर्ड की भूमिका एवं प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने नि:शुल्क विधिक सहायता, प्रकरणों में पैरवी के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने संबंधी अधिकार के साथ ही नालसा-सालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

## कृष्णा कल्याणपुर हीरा खदान में प्राप्त हुआ 19.22 कैरेट का हीरा

**पन्ना।** हीरा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार आज हीरा खदान क्षेत्र कृष्णा कल्याणपुर (पटी) में अस्थाई अनुज्ञाधारी ग्राम अहिरगुवां निवासी चुनवादा गौड़ को 19.22 कैरेट का हीरा प्राप्त हुआ है। पट्टाधारी द्वारा अग्रिम कार्यवाही के लिए उज्ज्वल किस्म के एक नग हीरे को हीरा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया गया है।

## जिले में 348.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज, गत वर्ष से 17.1 मिमी अधिक

**पन्ना।** पन्ना जिले में गत एक जून से अब तक 348.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। उक्त अवधि में वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 323 मिमी, देवेन्द्रनगर में 287 मिमी, गुनौर में 346.6 मिमी, अमानगंज में 399.9 मिमी, पवई में 416 मिमी, सिमरिया में 415.8 मिमी, शाहनगर में 250.4 मिमी, रैपुरा में 425.6 मिमी तथा अजयगढ़ में 274 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम ने बताया कि गत वर्ष 1 जून से 24 जुलाई की अवधि में 331.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष की औसत वर्षा गत वर्ष की तुलना में अब 17.1 मिमी अधिक दर्ज हो चुकी है। आज सर्वाधिक वर्षा गुनौर में 91.3 मिमी और सबसे कम पन्ना में 18 मिमी दर्ज की गई। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# प्राथमिकता परिवार श्रेणी में नवीन श्रेणी जोड़ने के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत प्राथमिकता परिवार श्रेणी में नवीन श्रेणी को जोड़ने के संबंध में समस्त जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। साथ ही खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार आगामी 12 अगस्त तक आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की पात्रता पर्ची जारी करने के लिए अधिनियम अंतर्गत नवीन पात्रता श्रेणी असंगठित एवं प्रवासी श्रमिक श्रेणी जोड़ी गई है, जिसके तहत पोर्टल पर उक्त श्रेणी के पंजीकृत परिवार जो पूर्व से पात्रता पर्चीधारी नहीं हैं, ऐसे परिवारों से आवेदन पत्र और जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर राशन मित्र पोर्टल के जरिए ग्राम पंचायत और नगर पालिका व पंचायत के वार्ड लॉगिन से ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही संपादित की जाएगी तथा स्थानीय निकाय की लॉगिन से सत्यापन उपरांत जेएसओ लॉगिन से अनुशंसा व मैपिंग की कार्यवाही के बाद एनआईसी भोपाल से नवीन पात्रता पर्ची जारी की होगी। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पात्रता पर्ची सत्यापन संबंधी कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण कराने तथा श्रम पदाधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय कर निर्धारित समयावधि में पात्रता पर्ची जारी कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले की समग्र विकास कार्ययोजना तैयार होगी, बैठक 26 को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत माह सागर में संपन्न हुई संभागीय बैठक में दिए गए निर्देशानुसार जिले की समग्र विकास कार्ययोजना तैयार की जाना है। इस क्रम में आगामी 20 वर्षों के दृष्टिगत आवश्यकता अनुरूप पन्ना जिले की समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके लिए 26 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक के उपरांत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना तैयार करने के लिए भी जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की कार्यपालिका समिति और जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक होगी। इसमें प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यों व प्रस्तावों पर चर्चा एवं स्वीकृति के संबंध में कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सांसद एवं विधायकगण को भी निर्धारित एजेण्डा पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में अवगत कराया गया है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष सहित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष से भी बैठक में प्रस्ताव सहित उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी पद की भर्ती के लिए 9 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**पन्ना**

पशुपालन एवं डेयरी विभाग पन्ना द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के रिक्त पद की पूर्ति के लिए आगामी 9 अगस्त को शाम 6 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चतुर्थ श्रेणी के भृत्य (पशु परिचारक) के एक पद पर भर्ती के लिए दृष्टिबाधित उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 8वीं उत्तीर्ण एवं एक जनवरी 2024 की स्थिति में 18 से 40 वर्ष आयु के उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र होंगे। आरक्षित वर्ग के आवेदकों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी। रिक्त पद की पूर्ति 14 अगस्त को साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। जिला कार्यालय में वॉक इन इंटरव्यू का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने बताया कि उच्च न्यायालय जबलपुर में पारित निर्णय एवं संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पत्र क्रमांक 6577 दिनांक 25.06.2024 के परिपालन में दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद पर भर्ती की जाएगी। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग कार्यालय पन्ना के सूचना पटल पर आवेदन पत्र का प्रारूप और शर्तें चस्पा की गई हैं।

## नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का समूह बीमा

**पन्ना।** नगरीय निकायों में कार्यरत नियमित सफाई कर्मचारियों को समूह बीमा योजना के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। योजना में प्रति हितग्राही 240 रूपये और राज्य का अंशदान प्रति हितग्राही 720 रूपये वार्षिक निर्धारित किया गया है।

सफाई कर्मचारी की सेवा में रहते सामान्य मृत्यु की स्थिति में एक लाख रूपये और दुर्घटनावश मृत्यु पर 5 लाख रूपये सफाई कर्मचारियों के नामांकित व्यक्तियों को भुगतान किये जाने का प्रावधान है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर पालिका सेवकों के लिये नगर पालिका सेवक कर्मचारी बीमा सह बचत योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत यूनिट के आधार पर अधिकारियों और कर्मचारियों को मासिक अंशदान देना होता है। मासिक अंशदान कर्मचारी-अधिकारी की श्रेणी के आधार पर निर्धारित किया गया है। योजना में सदस्य कर्मचारी की दुर्भाग्यवश मृत्यु होने पर परिवार के नामांकित सदस्य को बीमा राशि के साथ बचत निधि में जमा राशि भी ब्याज सहित भुगतान की जाती है।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रलय श्रीवास्तव की पुस्तक अभिव्यक्ति के चार दशक का किया विमोचन




**पन्ना।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय सागर में पदस्थ संयुक्त संचालक एवं लेखक प्रलय श्रीवास्तव की पुस्तक अभिव्यक्ति के चार दशक का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के सभागार में विमोचन किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सामाजिक समस्याओं पर संवेदनशील लेखन समाज का मार्गदर्शन करता है। कुरीतियों के सुधार के लिए प्रेरित करता है। हमेशा से लेखक और विचारकों ने शासन व्यवस्था को जागरूक किया है, सहयोग प्रदान किया है। ताकि सुशासन की स्थापना हो और जनसामान्य की समृद्धि और खुशहाली सुनिश्चित हो। श्री शुक्ल ने प्रलय श्रीवास्तव की दोनों पुस्तकों-मध्य प्रदेश में चुनाव और नवाचार तथा अभिव्यक्ति के चार दशक का जिक्र करते हुए कहा कि लेखक ने अपनी शासकीय जिम्मेदारियों को निभाते हुए लेखन के क्षेत्र में एक लंबी यात्रा तय की है। चाहे वह विधानसभा में नियुक्ति के दौरान उनके अनुभव हों या चुनाव आयोग के दौरान उनके द्वारा किए गए नवाचार। जिस व्यक्ति में संवेदनाएं होती है, वही सिस्टम को इतनी गहराई, इतनी बारीकी से देख पाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के लेख अंदर की संवेदनाओं को झंकृत कर देने वाले होते हैं। पुस्तक अभिव्यक्ति के चार दशक के माध्यम से श्री प्रलय श्रीवास्तव ने 40 वर्ष की अपनी तपस्या को ब?ी ही रचनात्मकता से व्यक्त किया है।

उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्री श्रीवास्तव द्वारा उनके अनुभवों को रेखांकित करने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार स्व. सत्यनारायण श्रीवास्तव की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा शुरू की गई जागरूक जनमत न्यूज वेबसाइट और जागरूक जनमत यूट्यूब चैनल के लोगो का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस, विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आलोक संजर, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव सहित जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारी, पत्रकारगण और साहित्यकार उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती चिटनिस ने कहा कि प्रलय श्रीवास्तव की पुस्तक अभिव्यक्ति के चार दशक वाकई चार दशकों की अनुभूति का अनूठा माध्यम है। इस पुस्तक के माध्यम से हम मानव सभ्यता और इतिहास के बदलते हुए पहलुओं से साक्षात्कार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि, शासकीय जिम्मेदारियों के निर्वहन की व्यस्तताओं के साथ अपने मौलिक विचारों को जीवंत रखना और समाज के हित में अनुभव साझा करने का यह प्रयास सराहनीय है।

सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि जब आप इस पुस्तक को प?ेंगे तो पाएंगे कि लेखक की वैचारिक गति की धार कितनी तेज है। जनतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाले श्री श्रीवास्तव ने रचनात्मकता से कई गहराइयों को पक?ा है। जनसंपर्क में प्रचार लेखन कार्य के साथ विचार लेखन का प्रयास सराहनीय है। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने महाकवि कालिदास की कृति मेघदूत का उल्लेख करते हुए संयुक्त संचालक प्रलय श्रीवास्तव की कृति को मेघवर्णन की उपमा दी। उन्होंने कहा कि प्रलय श्रीवास्तव ने अपने पिता मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सत्यनारायण श्रीवास्तव की लेखनी को जीवंत रखा है।

# मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पटवारियों ने ई- अटेन्डेंस का विरोध जताते हुये सौंपा ज्ञापन

## अपनी मांगों को पहले मनाने के लिये लिखी ज्ञापन में मांगें, ई- अटेन्डेंस का जताया बहिष्कार

**पन्ना।** मुख्यमंत्री के नाम पटवारी संघ जिला पन्ना व संयुक्त कर्मचारी संघ के साथ में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सोंपने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ई-अटेंन्डेंस लोकेशन फोटो अपलोड का विरोध जताते हुये अव्यवहारिक करार दिया है। आप लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में हल्का मुख्यालय पर निवास करना कठिन असुरक्षित एवं अप्रसांगिक हो चुका है। चूंकि पहले के समय दूरभाष एवं परिवहन व्यवस्था नहीं होने से पटवारी हल्का मुख्यालय पर निवास करते हुये तहसील कार्यालय में माह में मात्र दो दिवस जाना निर्धारित था किन्तु वर्तमान कार्य व्यवस्थानुसार दिन प्रतिदिन कार्य अनुसार हल्का एवं तहसील दोनों पर उपस्थित होना होता है और कभी कभी एक ही दिन में दोनों स्थानों पर जाना होता है। ऐसी स्थिति में समय अनुसार सार्थक परिवर्तन करते हुये नियमावली में बदलाव कर तहसील मुख्यालय पर निवास की व्यवस्था लागू की जाये। वहीं प्रदेश में नई पटवारी भर्ती के पश्चात कई पटवारी एक या एक से अधिक अतिरिक्त हल्का प्रभार भी संभाल रहे है। ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम प्रदेश के सभी पटवारियों के अतिरिक्त हल्का प्रभार कम कर नियमानुसार एक हल्का किया जाये। हमारा कार्यालयीन समय निर्धारित किया जाये ताकि उस निर्धारित समय के पूर्व और पश्चात हम कार्य करने को बाध्य नहीं रहे। इसके साथ ही हमें समस्त शासकीय अवकाशों का पूर्ण लाभर दिया जाये जहां हम अवकाश दिवस में कोई कार्य या कानून व्यवस्था की ड्यिूटी करने को बाध्य न रहें। हमारे द्वारा हमारे मूल कर्तव्यों के साथ-साथ अन्य कई विभागों के अतिरिक्त कार्य सम्पादित किये जाते है उसमें प्रमुख कार्य है कृषि विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्य मंत्री कृषक कल्याण योजना का कार्य जो हम बिना किसी अतिरिक्त भत्ते के करते है। इस अतिरिक्त कार्य को हमसे हटाकर योजना से संबंधित विभाग यानि कृषि विभाग को सोंपा जाये। साथ ही ज्ञापन में इन मांगों के साथ-साथ निवेदन किया गया है कि शासन पटवारी ई-डायरी व्यवस्था डिजिटल अटेंन्डेंस लागू करने से पूर्व हमारी उक्त व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा हम संपूर्ण प्रदेश के पटवारी ई-डायरी व्यवस्था डिजिटल अटेंन्डेंस का बहिस्कार करते है।

## अमानगंज में स्कूल वाहनों की चेकिंग

**पन्ना।** परिवहन विभाग के दल द्वारा आज अमानगंज में स्कूल वाहनों की चेकिंग कर संचालकों को निर्धारित गाइडलाइन का पालन करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा निर्धारित मानक अनुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भी निर्देशित किया गया। स्कूल वाहनों के जरिए छात्र-छात्राओं के बेहतर व सुरक्षित तरीके से आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में निरंतर स्कूल वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 26 जुलाई को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार, 26 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक होगी।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण के संबंध में दिए निर्देश

## पदस्थ चिकित्सकों के नाम और मोबाइल नंबर जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पन्ना जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों को विशेष रूप से अपने क्षेत्र अंतर्गत चिकित्सा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ सहित अन्य पदस्थ स्टॉफ की नियमित उपस्थिति, दवाईयों की उपलब्धता तथा शौचालयों सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारियों और पदस्थ चिकित्सकों के नाम और मोबाइल नंबरों की जानकारी से भी अवगत कराया गया है। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर में प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार जैन 9407076620, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रक्सेहा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुष्यंत प्रकाश पटेल 8224097939, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककरहटी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार साहू 8871966390, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बराछ में चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र कुमार यादव 9340960480 और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवांकला में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित पाण्डेय 7828755597 की पदस्थापना है।



इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील अहिरवार 9893815028 एवं डॉ. हर्षित गुप्ता 9893461186, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ़ में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार पटेल 7999448470 एवं डॉ. आशीष शर्मा 7047243056, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरमपुर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतु प्रजापति 8602389325 पदस्थ हैं, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमानगंज में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार मिश्रा 7898124949 एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष तिवारी 9057671819, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुनौर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमकारनाथ सिंह राय 9630779600, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेहा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार चौधरी 7748965256, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ओम हरि शर्मा 9754062459 एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह भदौरिया 8305616740 पदस्थ हैं।

प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मेहुरिया 8770139232 की पदस्थापना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्दा में है, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहन्द्रा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयपाल कुमार 9522239851 एवं संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक तिवारी 7974510720, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमरिया में चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्तव 7987363944, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहनगर में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार लोधी 7748043041, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रैपुरा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. मौजीलाल चौधरी 9424358112 और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहारन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द परिहार 8878719930 की पदस्थापना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दौरा, खोरा, हरदुआ खम्हरिया, सुनवानी तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पन्ना में चिकित्सा अधिकारी का पद रिक्त है। मुख्यालय पन्ना में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय 9425166686, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता 9425420772 और जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एम.के. गुप्ता 9893120640 पदस्थ हैं। जिला मुख्यालय में जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी का पद रिक्त है।

## कोयला के अवैध उत्खनन रोकने 30 गड्ढों को किया गया बंद

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त कार्यवाही द्वारा ग्राम बटुरा तहसील बुढार में अवैध रूप खनिज कोयला उत्खनन हेतु बनाये गये 30 गड्ढो को बंद किया गया तथा अधिकारियों द्वारा कहा गया कि पुन: अवैध कोयला उत्खनन हेतु गड्ढे निर्मित किये जाने पर खनिज विभाग को तत्काल सूचना दें। जिससे अवैध कोयला अवैध उत्खनन परिवहन की रोकथाम की जा सकें ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 26 जुलाई 2024



उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि गोविंदगढ़ के समग्र विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा तथा छुहिया घाटी में सड़क मार्ग पर सुरंग बनाई जाएगी।



# गोविंदगढ़ के समग्र विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से होंगे : उप मुख्यमंत्री

## गोविंदगढ़ में सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा, छुहिया घाटी में सड़क मार्ग पर बनेगी सुरंग : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि गोविंदगढ़ के समग्र विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा तथा छुहिया घाटी में सड़क मार्ग पर सुरंग बनाई जाएगी। श्री शुक्ल का गोविंदगढ़ में नागरिक अभिनंदन किया गया। उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान हुआ तथा भगवान श्री रमागोविंद का चित्र भेंट किया गया।

गोविंदगढ़ में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ की पहचान सफेद शेर से है। महाराजा मार्तण्ड सिंह को याद करना गौरव की बात है। विन्ध्य क्षेत्र में सफेद शेरों की वापसी हो गई है। शीघ्र ही गोविंदगढ़ में पूर्व से स्वीकृत सफेद शेर के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य प्रारंभ होगा। छुहिया घाटी में सड़क मार्ग में सुरंग बनाने के लिए सर्वे कराकर विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह के साथ केन्द्र सरकार से अनुमति प्राप्त करने के प्रयास तत्परता से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गोविंदगढ़ से पहले अमिलकी की नहर की पुलिया के घुमाव को सीधा कराया जाएगा तथा गोविंदगढ़ घाट की सड़क का सुधार कार्य तत्काल होगा।




उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य लगातार जारी हैं। देश के विकास में जिस प्रकार मध्यप्रदेश का योगदान है उसी प्रकार प्रदेश के विकास में विन्ध्य भी अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। रीवा जिले में बाणसागर की नहरों से तीन लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले पाँच वर्षों में 9 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी। बहुती नहर में 1500 करोड़ रुपए से तथा सीतापुर/हनुमना में 3500 करोड़ रुपए से सिंचाई सुविधा के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि एक-एक व्यक्ति की गरीबी दूर हो तथा हमारे किसान समृद्धशाली हों। जिले में आईटी पार्क, फूड पार्क एवं अन्य रोजगार के संसाधन विकसित कर आने वाली पीढ़ी को अपने यहाँ ही रोजगार देने के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। आगामी अगस्त माह में रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली किया जाएगा। श्री शुक्ल ने विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत मांगों को पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गोविंदगढ़ थाना परिसर में पौधरोपण किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री नागेन्द्र सिंह ने कहा कि गोविंदगढ़ का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने गोविंदगढ़ सर्किल में नायब तहसीलदार के नियमित उपस्थित रहने, महाविद्यालय के सुचारू संचालन एवं भवन की उपलब्धता, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 बिस्तर का किए जाने एवं एक्सरे मशीन की स्थापना सहित गोविंदगढ़ तालाब की सफाई व गोपाल बाग को टूरिस्ट सेंटर के तौर पर विकसित करने की माँग रखी। उन्होंने कहा कि बेला से गोविंदगढ़ पहाड़ होकर हनुमना तक सड़क निर्माण का कार्य करा दिए जाने से यह क्षेत्र सीधे जुड़ेगा और आवागमन के साथ ही शासकीय भूमि की उपलब्धता हो जाने से औद्योगिक क्षेत्र का भी विकास होगा। इस अवसर पर मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया तथा संतजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में त्रिदंडी स्वामी शेषमणि आचार्य ने शुभ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर नारायण मिश्र ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन राजेश गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर रीवा राजेन्द्र ताम्रकार, प्रदीप त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल शुक्ला द्वारा किया गया।

# ग्राम सभाओं में हो रहा बी-1 का वाचन तथा ई केवाईसी की फीडिंग



**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बी-1 का वाचन करके फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। इन ग्राम सभाओं में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के दर्ज आवेदन पत्रों में ई केवाईसी की फीडिंग करा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि त्योंथर तहसील में ग्राम झोटिया, ग्राम पंचायत चौखड़ा, ग्राम पंचायत चन्द्रपुर, ग्राम कुड़ारी में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में बी-1 का वाचन किया गया। किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी तथा आधार सीडिंग की गई। तहसील सेमरिया में भी विभिन्न ग्रामों में ग्राम सभाओं में बी-1 का वाचन किया गया। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने ग्राम महसांव में आयोजित शिविर में किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी दर्ज कराने तथा आधार सीडिंग की कार्यवाही कराई। इसी तरह ग्राम पंचायत बौना में भी राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह मनगवां तहसील में ग्राम हिनौती में प्रस्तावित गौधाम वन्य विहार के लिए चिन्हित भूमि का सीमांकन किया गया। तहसील जवा के ग्राम अतरैला में शिविर लगाकर ई केवाईसी तथा बैंक खाते खुलवाने की कार्यवाही की गई। ग्राम पंचायत खाम्हा में राजस्व महाअभियान के तहत आयोजित ग्राम सभा में बी-1 का वाचन किया गया।

# औद्योगिक संस्थान सीएसआर मद का अनुमोदन के बाद व्यय करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निजी औद्योगिक संस्थानों को वृक्षारोपण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वृक्षारोपण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए पौधे रोपित करना अनिवार्य है। वृक्षारोपण शासन, प्रशासन और समाज की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। सभी औद्योगिक संस्थान निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपित कराएं। जिले में संचालित उद्योगों को सीएसआर मद



की राशि जिले में ही व्यय करना अनिवार्य है। औद्योगिक संस्थान जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के बाद ही सीएसआर मद की राशि व्यय करें। कलेक्टर ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को सैनिक स्कूल रीवा में 23 हजार तथा मंदिर परिसर में एक हजार पौधे रोपित करने हैं। विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को झलबदरी तालाब के किनारे एक हजार पौधे रोपित करने हैं। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार पौधे रोपित कराएं। बैठक में कलेक्टर ने क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी को निर्देशों के अनुसार वृक्षारोपण का कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, नोडल अधिकारी वृक्षारोपण तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक, अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिनिधि राहुल सिंह, व्हीटीएल के प्रतिनिधि हिमांशु उपस्थित रहे।

## गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्न सभी शिक्षक कार्यमुक्त

**रीवा।** आयुक्त लोक शिक्षण के निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने रीवा जिले में गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्न अथवा आसंजित शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्ति के आदेश दिए हैं। संबंधित शिक्षकों को उनकी मूल पदस्थापना में तत्काल पदभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों, संकुल प्राचार्य एवं संस्था प्रमुखों को उनके अधीन संलग्न अथवा आसंजित शिक्षकों को मूल पदस्थापना में उपस्थित कराकर तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन पस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले की पहली ड्रोन पायलट बनी सविता विश्वकर्मा

## ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है सविता

रीवा

प्रधानमंत्री नमो ड्रोन योजना के तहत सविता विश्वकर्मा का चयन ड्रोन पायलट के लिये हुआ और इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त कर वह जिले की पहली ड्रोन पायलट बनकर अपने गांव के आसपास खेतों में खाद व दवाई का छिड़काव कर अपनी आजीविका को बेहतर ढंग से चला रही हैं।



जिले के रीवा जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत पड़िया के ग्राम बेलहा निवासी संगीता की पहले आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। किसी तरह अपने पति एवं चार बच्चों का जीवनयापन चलता था। सविता ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर सात हजार रूपये का ऋण लिया और सिलाई मशीन खरीदी। मशीन से सिलाई कर अपने परिवार का भरण पोषण करने लगी और अपने पति को मोटर मैकेनिक का बैंक लिंकेज से प्राप्त राशि से ऋण दिलवाकर प्रशिक्षण दिलवाया। सविता कृषि सखी प्रशिक्षण में प्रतिभागी हुईं और उनका चयन ड्रोन पायलट के लिये हुआ। इंदौर से प्रशिक्षण प्राप्त कर सविता प्रधानमंत्री नमो ड्रोन योजना में जिले की पहली ड्रोन पायलट बनकर अपने गांव के आसपास ड्रोन से खाद व दवाई का छिड़काव खेतों में करने लगीं। अब सविता इससे प्रतिमाह 12 से 15 हजार रूपये कमा लेती हैं और अपनी आजीविका को बेहतर ढंग से चला रही हैं। लोग सविता को ड्रोन दीदी के नाम से जानने लगे हैं। हितग्राही का मोबाइल नं. 8819989883 है।

# नगर पालिक निगम में साधारण सम्मिलन का आयोजन

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा का 11वां स्थगित साधारण सम्मिलन दिनांक 25.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे अध्यक्ष (स्पीकर) श्री व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता एवं महापौर श्री अजय मिश्रा बाबा एवं आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। अध्यक्ष महो. की अनुमति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा प्रारंभ हुई, चर्चा में भाग लेते हुए पार्षद श्रीमती बंदना सिंह, श्रीमती पूजा प्रमोद सिंह, कैप्टन श्री सालिकराम, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्रीमती विमला सिंह, श्री सूरज केवट, श्री संजय खांन, श्री स्वतंत्र, श्री गंगा प्रसाद यादव, श्री अम्बुज रजक, श्रीमती अर्चना अमृतलाल मिश्रा, श्री दीनानाथ वर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्री विवेक दुबे ने बजट प्रावधान, संशोधन एवं वृद्धियां करने का सुझाव दिया, प्रभारी सदस्य श्री धनेन्द्र सिंह द्वारा पार्षदों द्वारा उठाए गये विषयों का विस्तृत जवाब दिया गया, पेयजल के लिए की जा रही अमृत 2 योजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, श्री मनीष नामदेव ने स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, डेकोरेटिव पोल, मल्टी प्ले झूले आदि की जानकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत की, श्री रवि तिवारी व अन्य पार्षदों ने नगर पालिक निगम रीवा के वर्तमान एवं पूर्व महापौर तथा पार्षदों तथा उनके आश्रितों के इलाज हेतु शासन द्वारा पूर्ण व्यवस्था करने हेतु मान. मुख्यमंत्री, मा. नगरीय प्रशासन मंत्री एवं मा. स्वास्थ्य मंत्री म.प्र. शासन को प्रस्ताव भेजने का प्रस्ताव दिया। इसी प्रकार श्री दीनानाथ वर्मा व अन्य पार्षदों ने गंभीर बीमारी से पीड़ित वर्तमान परिषद के सम्मानीय पार्षदगणों को इलाज हेतु आर्थिक सहायता का प्रावधान बजट में किया जाकर राशि उपलब्ध कराये जाने, परिषद के ऐसे पार्षद जिनका विगत दिनों स्वर्गवास हो चुका है, उनके परिवार के लोगों के भरण-पोषण एवं आजीविका संचालन हेतु दिवगंत पार्षद के परिवार को रूपये 20.00 लाख आर्थिक सहायता राशि अनुदान के रूप में प्रदान किए जाने हेतु बजट में प्रावधान संशोधन रूप में रखे जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, पार्षद श्री बंदना सिंह, श्री दीनानाथ वर्मा एवं अन्य पार्षदों ने इस बजट में नगर निगम रीवा कम से कम 50 लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराकर संग्राम तीर्थ स्थल (नैकहाई) के वैभव को पुनः जीवंत कराने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## पत्थर खदानों के लिए जन सुनवाई 29 अगस्त को

**रीवा।** मऊगंज जिले में हनुमना तहसील में ग्राम सरदमन तथा बीरादेई में विभिन्न खसरा नम्बरों में पत्थर खदान के लिए लीज दी जा रही है। इसके लिए मेसर्स एमसीसी महादेव कॉन्सट्रक्शन कंपनी के संचालक श्री उमेश कुमार सिंह निवासी 2027/70 बड़हर कोठी जिला वाराणसी उत्तरप्रदेश द्वारा आवेदन दिया गया है। ग्राम सरदमन में कुल 5.044 हेक्टेयर तथा ग्राम बीरादेई में विभिन्न खसरा नम्बरों में चिन्हित भूमि को उत्खनन के लिए पर्यावरणीय जन सुनवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक ओहरी 29 जुलाई को ग्राम बीरादेई में ग्राम पंचायत भवन परिसर में सुबह 10 बजे से तथा ग्राम सरदमन में आंगनवाड़ी भवन परिसर में दोपहर एक बजे से पर्यावरणीय जन सुनवाई करेंगे। जन सुनवाई के समय खदान के लिए आवेदन करने वाले, खनिज अधिकारी एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज से

**रीवा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मुकेश कुमार मण्डल ने जानकारी दी है कि 27 जुलाई को चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# जिले में दो दिनों में हुई 25 मिलीमीटर औसत वर्षा

## अभी भी झमाझम बारिश का इंतजार

**रीवा।** जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बादल छाये हुए हैं। लगभग सभी तहसीलों में बारिश हो रही है। जिले में पिछले दो दिनों में 25 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में 24 जुलाई को 15 मिलीमीटर तथा 25 जुलाई को 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अब तक सर्वाधिक 202.4 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई है। जिले में एक जून से अब तक 122.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। किसानों को धान की बोनी के लिए अभी भी अच्छी वर्षा का इंतजार है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 167.5 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 55.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 202.4 मिलीमीटर, सिरमौर में 172 मिलीमीटर, त्योंथर में 68 मिलीमीटर, सेमरिया में 128 मिलीमीटर, मनगवां में 97 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 89 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 138.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारी बैठक 29 जुलाई को

**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस दिवस आयोजन के लिए तैयारी बैठक 29 जुलाई को टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है।

# राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

## राजस्व प्रकरणों में लापरवाही पर तहसीलदार और रीडर को दिया नोटिस

रीवा

जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील कार्यालय गुढ़ में एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय तथा नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विवादित तथा अविवादित नामांतरण, सीमांकन तथा बंटवारे के प्रकरणों की नस्तियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नामांतरण के प्रकरणों में कई कमियाँ पाई गईं। राजस्व प्रकरणों में समय पर प्रतिवेदन दर्ज न कराने, प्रकरणों में तारीख का उल्लेख न होने तथा बिना किसी अभिलेख के प्रकरण में आपत्ति दर्ज कर लेने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने तहसीलदार गुढ़ को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार न्यायालय के रीडर को कारण बताओ नोटिस देने तथा विभागीय जाँच कर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के संबंध में समय पर प्रतिवेदन न देने पर पटवारी हल्का बंजारी, तमरादेश, बड़ागांव पटवारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके उनका निराकरण करें। यदि कोई पटवारी प्रकरण के संबंध में सात दिन की समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत न करे तो उसके विरूद्ध कार्यवाही करें। प्रकरणों में उचित दस्तावेज होने पर ही आपत्ति दर्ज करें। बिना किसी दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करना नियम विरूद्ध है। सभी प्रकरणों में तारीख तथा पेशी की तारीख अनिवार्य रूप से दर्ज करें। सभी प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज कराएं। यदि कोई प्रकरण भौतिक रूप से उपलब्ध न होने के कारण खारिज किया जाता है तो रीडर की भी जवाबदेही तय करें। कलेक्टर ने तहसीलदार को न्यायालय की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने तहसील न्यायालय के बाद नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। इसमें प्रकरणों का संधारण ठीक पाया गया। इसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया। उन्होंने नामांतरण तथा बंटवारे के प्रकरण नियमित सुनवाई करके निराकृत करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने अधिवक्ताओं तथा आमजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने एसडीएम को अधिवक्ताओं द्वारा की गई विभिन्न मांगों के संबंध में कहा कि तहसील परिसर में पेयजल और शौचालय की व्यवस्था कराएं। अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण करके अभिलेख व्यवस्थित कराएं। निरीक्षण के समय एसडीएम डॉ अनुराग तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले, तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833